

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

4 दिसम्बर- 10 दिसम्बर 2024

jagrukjanta.net

मार्गशीर्ष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - तृतीया, संवत 2081 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-40, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## समाज और जीवन में शांति के लिए संस्कार होना बहुत जरूरी है! (1)

सटीक




शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net


**जीवन** में संस्कार का बहुत महत्व है। अगर संस्कार नहीं है तो समाज में जीना मुश्किल हो जाता है। मां-बाप बचपन से ही बच्चे में संस्कार डालना शुरू करते हैं। मां-बाप के बाद में विद्यालय में अध्यापक संस्कार सिखाते हैं। उठने-बैठने, बोलने, चलने, आने-जाने, खाने-पीने, रोने-हंसने कहने का मतलब है कि हमारी संस्कृति में संस्कार ही जीवन है। अगर संस्कार नहीं है तो वह जीवन पशुवत ही रहेगा। भूख लगी तो खा लिया। जब, जहां और जैसा मिला खा लिया। न बैठने के संस्कार न उठने के संस्कार ये होते हैं पशुवत संस्कार। इनसे परे मनुष्य का जीवन संस्कारों से बंधा हुआ है। भारतीय सनातन संस्कृति में तो सोलह संस्कार बताए गए हैं। फिलहाल हम यहां उन 16 संस्कारों की बात नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ कुछ मर्यादित संस्कारों की बात कर रहे हैं। आज कल कुछ भोंडा पहनावा चल रहा है जिसके बारे में हमारे पाठकों से कहने का मन कर रहा है। हम सार्वजनिक जीवन जी रहे हैं जिसमें समाज और संस्कृति का मेल होता है। जिस प्रकार हम सड़क पर मनचाही गति से वाहन नहीं चला सकते, क्योंकि सड़क पर और भी तो लोग चलते हैं उनका भी ध्यान रखना पड़ता है। वरना तेज गति से दुर्घटना होने की संभावना रहती है। एक वाहनचालक तेज गति से चला रहा है जबकि दूसरा संतुलित गति से। लेकिन अगर दोनों टकरा गए तो संतुलित गति से चलने वाला भी दुर्घटनाग्रस्त होगा ही। जबकि उसकी गलती नहीं है। फिर भी गलती कोई करे और भुगते कोई। इसी प्रकार खुले में सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी महिला को भोंडे वस्त्र या अद्र्धनग्न टाइप के वस्त्र नहीं पहनना चाहिए। जो आजकल प्रातःकालीन भ्रमण के समय और कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में देखे जा सकते हैं। हां एकांत में अपने घर में कैसे भी वस्त्र पहनें। भोजन भी अगर हम अकेले खाएंगे तब तो मनचाहा बन सकता है मगर जब सारे परिवार के लिए या फिर सामूहिक कार्यक्रम में भोजन बनेगा तब स्वयं की रुचि नहीं चलेगी। सबको ध्यान में रखकर ही निर्णय लिया जाएगा। लड़कियों और महिलाओं के अर्द्धनग्न वस्त्र पहनने का मुद्दा उठाना उतना ही जरूरी है जितना शराब पीकर लड़कों का गाड़ी चलाने का मुद्दा है। अखबार और टीवी चैनलों पर मनचले लोगों के बारे में दुःखदायी समाचार सुनने और देखने को मिलते हैं। उनके पकड़े जाने पर सजा भी होती है। मगर समाज के ऐसे असामाजिक लोगों पर इन बातों का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ऐसे में अपने-आपको ही समझना होगा। वरना ये छेड़छाड़, बलात्कार आदि के मामलों में रोक लगना असंभव सा नजर आता है। (क्रमशः)


shivdayalmishra@gmail.com


### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

# महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार, पारदर्शिता के साथ हो आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन-मुख्यमंत्री शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुविधाओं का उन्नयन करते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ केन्द्रों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला, बच्चे और परिवार तक लाभ पहुंचाना जाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए हमें दीर्घ अवधि की कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिए जा रहे पोषण आहार की निरन्तर समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार किए जाए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वार्षिक कैलेंडर बनाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा सेतु योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत लाभान्वित युवाओं को स्वरोजगार सुनिश्चित करने के क्रम में अधिक से अधिक सुविधाएं सृजित करने के लिए निर्देशित किया। श्री शर्मा ने कहा कि योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं की नियमित ट्रेकिंग करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए।

### लाडो प्रोत्साहन योजना से मिल रहा बालिकाओं को संबल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं को समुचित शिक्षा और सम्बल प्रदान करने के लिए 'लाडो प्रोत्साहन योजना' अहम है जिसके तहत हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रुपये की राशि दे रही है। राज्य सरकार शीघ्र ही इसके अन्तर्गत 1 साथ 1 लाख लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 2500 रूपये की किस्त हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 'प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना' के अन्तर्गत एक साथ लगभग 70 हजार लाभार्थियों को बढ़ी हुई 1500 रूपये की अतिरिक्त राशि देने जा रही है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने दिव्यांगों में उद्यमशीलता बढ़ाने पर दिया बल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2024 प्रदान किए और दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किए जाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा' के बारे में चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, उनके कौशल का विकास करने, रोजगार प्रदान करने, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करने से उनकी नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा।


## HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in


# 'भारत-चीन संबंधों में हो रहा है सुधार'-एस जयशंकर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत चीन संबंधों और चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर लोकसभा में आज अपना वक्तव्य दिया। विदेश मंत्री ने लोकसभा में एलएसी की मौजूदा स्थिति, चीन के साथ भारत के संबंधों को लेकर कहा कि सीमा पर शांति बहाली की कोशिशें जारी है। उन्होंने कहा कि एलएसी पर कूटनीतिक पहल से एलएसी पर हालात सुधरे हैं और दोनों पक्ष हालात में सुधार को लेकर प्रतिबद्ध हैं। दोनों में से कोई भी पक्ष मौजूदा स्थिति से छेड़छाड़ नहीं करेगा और सहमति से ही भारत और चीन सभी मसलों का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि, सीमा पर आज हालात सामान्य होने के बाद ही चीन से बातचीत की गई है।



### राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि

विदेश मंत्री ने कहा कि, मैंने चीनी विदेश मंत्री से बात की है, रक्षा मंत्री ने भी चीनी रक्षा मंत्री से बात की है। आसियान के सम्मेलन में भी भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट हो चुका है, तनाव वाले इलाकों में डिसइंगेजमेंट पर हमारा फोकस है। सीमा सड़क संगठन की ओर से बनवाए गए रोड और टनल का जिक्र भी अपने बयान में किया और कहा कि सरकार सीमा की सुरक्षा के प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

### विदेश मंत्री ने सेना को दिया श्रेय

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि, एलएसी पर बहाली का पूरा श्रेय हमारे देश की सेना को जाता है। उन्होंने बताया कि, भारत और चीन के बीच सहमति बनी है कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं किया जाएगा और साथ ही दोनों देशों के बीच पुराने समझौतों का पालन किया जाएगा। सीमा पर शांति के बिना भारत-चीन के संबंध सामान्य नहीं रह सकते। एस जयशंकर ने 1962 के संघर्ष का जिक्र किया और पाकिस्तान की ओर से कब्जाई गई भारतीय जमीन चीन को दिए जाने का भी जिक्र किया।

# महायुति की नई सरकार का शपथ ग्रहण कल

**देशभर से शामिल होंगे 400 साधु-संत**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विस चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की तैयारी चल रही है। बता दें कि महायुति की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के आजाद पार्क में 5 दिसंबर को होने जा रहा है। नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में कुल 70 से ज्यादा वीवीआईपी नेता शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित कैबिनेट के कई सहयोगियों को निमंत्रण दिया गया है।

### 400 साधु-संतों को निमंत्रण

इसके अलावा बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को भी महाराष्ट्र की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए न्योता भेजा गया गया है। समारोह में देशभर के 400 साधु-संतो को भी निमंत्रण भेजा गया है। अलग-अलग समाज के प्रतिनिधियों के अलावा महाराष्ट्र के सभी कंस्यूलेट को भी निमंत्रण भेजा गया है। साथ ही, समारोह में जगतगुरु नरेन्द्रचार्य महाराज, गोविन्ददेव गिरी जी महाराज, बागेश्वर बाबा, महामंडलेशर स्वामी विश्वशवरानंद जी महाराज, जैन संत लोकेश मुनि जी, बंजारा संत, सिख संत, बौद्ध भिक्षु रहेंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र के सभी प्रमुख मंदिरों के मुख्य पुजारियों सहित काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी और महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी को भी निमंत्रण दिया गया है। इसके अलावा सिख संत भी समारोह में शामिल होंगे।






**नए साल में सरकार देगी नई सौगात**

# करोड़ों यूजर्स को मिलेगा सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस का तोहफा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सरकार नए साल में देश के करोड़ों मोबाइल यूजर्स को तोहफा दे सकती है। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस की शुरुआत की जा सकती है। सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस के लिए जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया के साथ-साथ एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक और अमेजन कूपियर भी रेस में हैं। दूरसंचार विभाग फिलहाल सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम अलोकेशन को लेकर जल्द फैसला ले सकता है। सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में इस बात की जानकारी दी है। दूरसंचार नियामक (TRAI) ने स्पेक्ट्रम अलोकेशन की शर्तों को 15 दिसंबर तक फाइनल कर सकता है।



### जल्द होगा स्पेक्ट्रम अलोकेशन

दूरसंचार नियामक ने पिछले महीने 8 नवंबर को सर्विस प्रोवाइडर्स समेत अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक की थी। सरकार नए साल में सैटेलाइट सर्विस की शुरुआत करने के लिए इसके अलोकेशन में तेजी ला सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो जियो और एयरटेल के दबाव के बावजूद सरकार स्पेक्ट्रम का अलोकेशन एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से करने वाली है। इन कंपनियों ने टेरेस्टियल स्पेक्ट्रम की तरह ही स्पेक्ट्रम का अलोकेशन नीलामी प्रक्रिया से करने की मांग की थी।

### TRAI की डेडलाइन

स्पेक्ट्रम अलोकेशन को लेकर ञ्जक्रङ्घ अगले सप्ताह 15 दिसंबर तक अपनी सिफारिशें DoT को दे सकता है। सिफारिशें जारी होने के बाद दिसंबर के अंत तक इसे कैबिनेट से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद स्पेक्ट्रम का बंटवारा किया जाएगा। इस समय एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अक्टूबर 2022 में ही स्टारलिंक ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस को लेकर आवेदन दिया था। हालांकि, अभी स्टारलिंक को इसकी मंजूरी नहीं मिली है।


राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886

सम्पर्क करें — विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

## जागरूक खबरें

### जाट महासम्मेलन 12 जनवरी को, डोटासरा ने किया पोस्टर विमोचन


» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आगामी 12 जनवरी को जयपुर में होने वाले वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल अंतरराष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान एवं जाट महासम्मेलन 2024 कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। महासम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि समाज के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम 12 जनवरी को मानसरोवर के चौपड़ा फार्म पर आयोजित किया जायेगा। कक्षा 8 और 10वीं में 85 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को, यूजी और पीजी में प्रत्येक कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक और पीएचडी शोधार्थी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पत्रकार, एंकर अवार्ड, वर्ष 2022-23 और 2023-24 में सरकारी नौकरी हासिल करने वाले, सामाजिक, साहित्यिक,कला क्षेत्र में काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### बांग्लादेश सनातनियों बहन-बेटियों पर व संत महात्माओं, मठ मन्दिरों पर कब्जा एवं हिन्दुओं पर हो रहे हत्याचार के विरोध में संत समिति राजस्थान ने किया विरोध प्रदर्शन

# बांग्लादेश के सनातनियों की रक्षा एवं सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है-बालमुकुंदाचार्य महाराज

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




जयपुर। अखिल भारतीय संत समिति राजस्थान की ओर से जयपुर में बांग्लादेश में हो रहे जैहादियों के द्वारा सनातनियों बहन-बेटियों पर व संत महात्माओं, मठ मन्दिरों पर कब्जा एवं हिन्दुओं पर हो रहे हत्याचार के विरोध में संत समिति राजस्थान के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। स्वामी श्री बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज, हाथोज धाम पीठाधीश्वर विधायक, हवामहल के सान्निध्य में काफी संख्या में सनातनी समाज के प्रभुद्वजन धार्मिक लोग व्यापारी लोग समस्त धार्मिक संगठन, जयपुर नगर के स्कॉन के हरे राम हरे कृष्ण तथा समस्त राजस्थान के संत धर्माचार्य व मठ् मन्दिरों के पुजारी महंत अध्यधिक संख्या में उपस्थित रहे जिसमें बसन्त कुमार गिरि जी, सोमेन्द्र जी महाराज, बाबा रंधावा, मनोहर दास जी, वेदान्ती जी, अलबेली शरण जी, गोविन्द देव जी के मानस गोस्वामी जी, गणेश जी के महंत, शंकर दास जी महाराज, लोहा मंडी, पुरूषोत्तम दास जी महाराज, मुरलीपुरा, आदि संत महंत, संत समिति के लोग व पुजारी उपस्थित रहे। प्रवक्ता हरिहर पारीक ने बताया की स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज ने अपने व्यक्तव्य में कहा की बांगलादेश में हो रहे सनातिनियों पुजारियों संत महात्माओं बहन-बेटियों के उपर हो रहे अत्याचार, पापाचार, दुराचार से मुक्त कराना है, ओर सभी बांग्लादेश में निवास कर रहे सनातनियों की रक्षा एवं सुरक्षा हम सभी सनातनियों का जिम्मा है ।

विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने कहा की बांग्लादेश के जैहादियों को सनातनियों की ओर से संदेश है, कि इस प्रकार के दुराचार महात्माओं बहन-बेटियों के उपर हो रहे अत्याचार, पापाचार, दुराचार बंद कर देवें। भारत सनातनियों का देश है ओर जहां भी भारत के सनातनी निवास करते हैं । वह सुख शांति की कामना करते हैं शांति का संदेश देता है, तथा वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करते हैं । व जहां भी निवास करते हैं, वहां के लोगों को पूर्णतया सहज सहयोग प्रदान करता है।


लेकिन यह तलवार की नौक पर धर्म परिवर्तन करवाने का काम मठ-मन्दिर व आश्रमों पर कब्जा व्यापारियों को लूटने का काम जैहादी किस्म के लोग किया करते हैं। यदि बांग्लादेश की ओर भारत के सनातनी वानर सैना बनकर टूट पड़े तो परिणाम उचित नही होगा। जिस प्रकार भारत में प्रेम-भाईचार स्थापित है, उसी प्रकार बांग्लादेश में भी प्रेम-भाईचारा स्थापित होना चाहिये। हम सभी सनातनी उनके साथ खड़े हैं। पुजारियों संत महात्माओं एवं मठ मन्दिरों, स्कॉन मन्दिरों को भी सुरक्षा प्रदान होना चाहिये। अपराकांशी जयपुर नगर की स्कॉन हरे राम हरे कृष्णा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। ओर इन्होंनें हरे राम हरे कृष्णा का संकीर्तन किया। बड़ी चौपड़ की एक परिक्रमा लगायी गई तथा संतो के मुख से वाचन किया गया एवं करीब एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन दर्ज करवाया गया।

बड़ी संख्या में सनातनी लोगों ने धरना प्रदर्शन किया यदि जरूरत पड़ी तो राज्यपाल व राष्टपति को भी ज्ञापन दिया जायेगा। केवल प्रतिकात्मक रूप में आयोजन रखा गया अखिल भारतीय संत समिति के तत्वाधान में संपूर्ण भारत में प्रदर्शन किया गया ।

# इस साल का आखिरी विवाह मुहूर्त 14 को

### 15 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक खरमास

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। नए साल 2025 में कुल 75 दिन रहेंगे विवाह मुहूर इस साल 2024 का आखिरी विवाह मुहूर्त 14 दिसंबर को हैं। वहीं 15 दिसंबर से (मलमास) खरमास शुरू हो जाएगा जो कि14 जनवरी संक्रांति 2025 तक रहेगा। इस कारण से विवाह मुहूर्त मकर संक्राति के बाद शुरूहोंगे। नए साल में विवाह आठ महिने ही होंगे, इस दौरान 75 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे। आचार्य गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा ने बताया कि पंचांग के अनुसार नए साल में फरवरी 2025 में सबसे अधिक 17 दिन विवाह मुहूर्त हैं। इसके बाद मई 2025 में 14 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे। अक्षय तृतीया के अबूज मुहूर्त पर 30 अप्रैल को बड़ी संख्या में विवाहहोंगे। वहीं 4 जुलाई को भड़ल्या नवमी पर गुरु व शुक्र ग्रह के अस्त रहने की वजह से विवाह मुहूर्त नहीं रहेगा।

#### साल 2025 में विवाह के मुहूर्त

- » जनवरी माह में 16 जनवरी से 24, 26 जनवरी तक
- » फरवरी माह की तारीख 2,3,6 से 8,12 से 16,18,20 से 25 तक
- » मार्च माह में 1 मार्च से 2,3,6,7,11 व 12 मार्च को
- » अप्रैल माह में 14, 16, 18, 20, 25, 29 व 30 तक
- » मई में 1 5 से 11, 13 से 18 मई तक
- » जून माह में 1 जून से 5 और 7 से 10 जून तक।

#### जुलाई-अक्टूबर तक मुहूर्त नहीं

**नवंबर** माह में 21 से 25, 29 व 30,दिसंबर माह में 1, 4, 5 व 6 को सावे रहेंगे। आचार्य गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा के अनुसार आगामी 6 जुलाई 2025 को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ होगा। इस बीचचार माह जुलाई से अक्टूबर तक विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे। इसके बाद2 नवंबर से देव उठनी एकादशी सेही विवाह समारोह प्रारंभ होने के बाद विवाह मुहूर्त 21 नवंबर से शुरू होंगे।

### मरुधर ओसवाल समाज चुनाव में मेहता अध्यक्ष सांड सचिव बने




» जागरूक जनता @ जयपुर। मरुधर ओसवाल समाज द्वारा सुबोध स्कूल प्रांगण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की नई कार्यकारिणी 25-26 की घोषणा चुनाव अधिकारी द्वारा की गई । अध्यक्ष जे के सिंघी द्वारा नए अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मेहता, सचिव रोहित सांड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र भंडारी, उपाध्यक्ष पुनीत सिंघवी, कोषाध्यक्ष श्री नवीन मेहता एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान किया गया। समाज के वर्तमान अध्यक्ष श्री जे के सिंघी का छह साल पूरे होने पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में सर्वश्री कुलदीप रांका, वरिष्ठ आईएएस, राजस्थान सरकार, हेमंत जैन, सदस्य राजस्थान राज्य विनयामक, पी एन भंडारी, महेन्द्र सुराणा, प्रमिला सुराणा, उज्जवल राठौड़ पूर्व आईएएस, महेंद्र पारख पूर्व आईएएस सूचना आयुक्त, विश्वास गोठी, विनोद लोढ़ा, डॉ एस लोढ़ा, एस एस भंडारी सीए, अशोक मेहता, पूनम भंडारी, डी आर कुम्भट सहित कई गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन सचिव पुनीत सिंघवी द्वारा किया एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित ।

### समाजसेवी वशिष्ठ ने पुत्री रितु के जन्मदिन पर किया भंडारा प्रसादी



» जागरूक जनता @ जयपुर। समाजसेवी, पत्रकार नगेन्द्र वशिष्ठ की पुत्री रितु के 45वें जन्मदिवस के मौके पर हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी संत बाबा मेहरदास मन्दिर मुरलीपुरा मे भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां सभी को पंगत प्रसादी दी गई। वशिष्ठ ने बताया कि रितु के एक वर्ष से इस जन्मदिन तक के छाया चित्रों को संजोकर रखा है। यहां उपस्तिथ सभी ने रितु के उज्वल भविष्य और स्वस्थ परिवार के साथ सफलता की कामना की।

# राजस्थान के इनोवेटर्स अंकित और राधेश अग्रहरि इनोवेशन अवॉर्ड से सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान निवासी अंकित जैन और राधेश अग्रहरि को कृषि विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिल्ली में हनी बी नेटवर्क क्रिएटिविटी एंड इंक्लूसिव इनोवेशन अवॉर्ड्स 2024 से सम्मानित किया गया। अंकित और राधेश दोनों ही इनोवेशन के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। स्टार्टअप ईएफ पॉलीमर के सह-संस्थापक अंकित जैन अपने अनूठे उत्पाद 'फसल अमृत' के लिए जाने जाते हैं। यह किसानों के लिए फसल उत्पादन बढ़ाने और पानी की खपत कम करने में काफी मददगार साबित हुआ है। वहीं, राधेश अग्रहरि द्वारा चिकन वेस्ट से 'प्राकृतिक फाइबर' का आविष्कार कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम योगदान दिया है।

#### जीआईएएन ने दोनों के आइडिया को चुना

**जीआईएएन** (गुजरात ग्रासरूट इनोवेशन ऑग्मेंटेशन नेटवर्क) ने दोनों प्रतिभाशाली चेहरों का चुनाव किया। जीआईएएन ने जमीनी स्तर पर नवाचार के माध्यम से पर्यावरण और समाज में अहम भूमिका निभा रहे लोगों के चयन के लिए पूरे भारत में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से 2500 लोगों ने आवेदन किए।



### हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का पोस्टर विमोचन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। हिंदू युवा वाहिनी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के निमित्त मीटिंग हुई मीटिंग में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए कार्यक्रम से संबंधित कुछ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गई हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रमुख केशव अरोड़ा ने बताया कि हमारी समिति द्वारा सर्व हिंदू समाज का सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन करवाया जाता है सर्व हिंदू समाज को एक करने के लिए यह सर्वजातीय विवाह सम्मेलन करवाया जाता है हमारा उद्देश्य सर्व हिंदू समाज में समरसता की भावना बढ़ाना है मीटिंग में गणपत लाल खुराना करमचंद जग्गा द्वारका प्रसाद गुप्ता आचार्य पंडित विष्णु भारद्वाज लोकेश्वर शर्मा हजारी चौधरी कुलदीप यादव गोविंद चौधरी निखिल खंडेलवाल मुन्नालाल कुशवाहा सुशील अग्रवाल डॉ नरेंद्र भूषण अनीता गुप्ता सीमा साबू उर्मिला कंवर नमीता अग्रवाल श्याम लता शर्मा सोनाली राजपूत रेनू गुप्ता ममता शर्मा सुरभि लाहोटी राखी सैनी व अन्य बहुत से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन 12 दिसंबर को

# पेरिस ओलंपिक-2024 एवं एशियन गेम्स-2023 के खिलाड़ी होंगे सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 दिसंबर को जयपुर में 'रन फॉर विकसित राजस्थान-2024' (रवि-राज) का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और युवा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्रातः 8 बजे जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति से रन फॉर राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों का भाग लेना सुनिश्चित करने और उनके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मार्ग अमर जवान ज्योति से एसएमएस स्टेडियम का पूर्ण चक्कर लगाकर टोंक रोड, रामबाग सर्किल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल से अमर जवान ज्योति रहेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, भारत/हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड, पुलिस, आरएसी, सेना, होमगार्ड, विभिन्न कर्मचारी संघ, एनजीओ और आमजन सहित हजारों की संख्या में प्रतिभागी रवि-राज कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

#### बैंडवादन व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

**डॉ.** पवन ने बताया कि कार्यक्रम में सेना, पुलिस, आरएसी, स्काउट एंड गाइड आदि संस्थाओं द्वारा बैंडवादन सहित राजस्थानी लोक कलाकारों के नृत्य की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पेरिस ओलंपिक-2024 के प्रतिभागी खिलाड़ी एवं एशियन गेम्स-2023 के पदक विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर 2024 से 12 जनवरी 2025 को "विवेक मास" के रूप में मनाया जायेगा। इस पूरे महीने सम्पूर्ण प्रदेश में खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में युवा मामले एवं खेल विभाग की उपशासन सचिव अनीता मीणा, जयपुर एडीएम आशीष कुमार, क्रीडा परिषद् के सचिव राजेंद्र कुमार सिसोदिया, युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया, डीओआईटी, पर्यटन, नगर निगम ग्रेटर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल नियोजन, स्काउट गाइड, हायर एजुकेशन आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### एसएफए स्क्वैश चैंपियनशीप में अंडर-9 में सेंटिया ने जीता स्वर्ण पदक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एसएफए स्क्वैश चैंपियनशिप के लड़कों के अंडर-9 वर्ग में जयश्री परिवाल स्कूल के हार्विन सेंटिया ने स्वर्ण पदक जीता जबकि माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के आदविक मुंजाल ने रजत पदक हासिल किया। कोच खांगाराम चौधरी ने बताया सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित इस चैंपियनशिप में लड़को के अंडर-9 वर्ग में फाइनल मैच में सेंटिया ने मुंजाल को 4-11,11-4,8-11,11-8,7- 11,से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।





### जनरल सर्जरी और यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के बाद अस्थि रोग विभाग में भी शुरू होगी सुविधा

# एसएमएस में रोबोट हड्डियों का करेगा इलाज

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। सवाई मानसिंह अस्पताल में विगत कुछ समय से रोबोटिक सर्जरी से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल जनरल सर्जरी और यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में ही रोबोट से सर्जरी की जा रही है। जल्द ही अस्थि रोग विभाग में भी रोबोट इलाज करेगा। अस्थि रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ रमेश चन्द बंशीवाल ने बताया कि आजकल घुटने व कुल्हे के प्रत्यारोपण के मरीज दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। फिलहाल अस्पताल में कंप्यूटर नेविगेशन से जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की गई है और जल्द ही रोबोटिक सर्जरी द्वारा भी मरीजों का इलाज किया जाएगा।




#### 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी

**एसएमएस** में यूरोलॉजी विभाग में अभी तक कुल 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी को अंजाम दिया जा चुका है। इसके साथ ही दुनिया में होने वाली लगभग सभी सर्जरी को एसएमएस अस्पताल में अंजाम दिया जा रहा है। दरअसल, डेढ़ साल पहले 50 करोड़ की लागत से दो रोबोटिक सिस्टम अस्पताल में स्थापित किए गए थे। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज के शरीर में ऐसी कई जगह होती है, जहां सर्जरी के दौरान हाथ नहीं पहुंच पाता, लेकिन रोबोट आसानी से शरीर के किसी भी हिस्से में पहुंच सकता है। हालांकि, रोबोटिक सर्जरी में रोबोट को ऑपरेट सर्जन द्वारा ही किया जाता है। अभी अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर,पेशाब की थैली का कैंसर समेत अन्य सर्जरी को रोबोट के माध्यम सेकिया जा रहा है। एसएमएस अस्पताल देश का दूसरा सरकारी चिकित्सा संस्थान है, जहां रोबोट स्थापित किए गए हैं।

#### रोबोट सर्जरी से मरीज को सटीक इलाज मिल पाता है

**रोबोटिक** सर्जरी से इलाज आसान हो जाता है। खासकर ज्वाइंट से जुड़ी सर्जरी को आसानी से अंजाम दिया जा सकता है। इससे मरीज को सटीक इलाज मिल पाता है। एसएमएस अस्पताल के रोबोटिक एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉमुकेश असवाल ने बताया कि हड्डियो का इला ज करने के लिए काफी नई तकनीक आ रही हैं, लेकि न रोबोटिक सर्जरी अहम है, क्योंक्यिों रोबोटिक सर्जरी से यह पहले ही पता लगाया जा सकता है कि सर्जरी के बाद उसके क्या परिणाम होगें।

## जागरूक खबरें



### ■ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की लोकसभाध्यक्ष सहित केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट

» जागरूक जनता @ जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने नई दिल्ली में मंगलवार को लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला सहित केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री दिलावर ने लोकसभाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्रियों को प्रदेश में शिक्षा से जुड़ी योजनाओं से अवगत करवाया। मदन दिलावर ने मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संसाधन पर गठित 14 सदस्यीय कमेटी की पहली बैठक में भाग लिया। बैठक में विभिन्न राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में आयोजित इस बैठक में श्री दिलावर ने प्रदेश की जल समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

### ■ 'राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड' के लिए आवेदन आमंत्रित

» जागरूक जनता @ जयपुर। प्रदेश में 12 जनवरी 2025 को यूथ डे के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को 'राजस्थान यूथ आइकन अवॉर्ड' प्रदान किया जाएगा। अवार्ड के लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि अवार्ड के लिए प्रदेश के 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा, जो कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य कर रहें हैं, वे राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट https://youthboard.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यूथ आइकॉन पुरस्कार से संबंधित दिशा निर्देश, नियम एवं शर्तें भी राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा- 2024-25 के तहत 12 जनवरी को यूथ डे के अवसर पर प्रदेश में राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर 'राज्य युवा महोत्सव' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की तरह प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को 'यूथ आइकन अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा।

### श्याम धणी इंडस्ट्रीजः पेस्टिसाइड और रासायनिक खादों से आने वाली स्वास्थ्य संबंधी गड़बड़ियों मुक्ति दिलायेंगे आईपीएम इंटीग्रेटेड मसाले

# श्याम मसाले लाए हैं देश में पहली बार IPM क्वालिटी के मसाले

### स्वाद और सेहत हमारा पहला लक्ष्य - रामावतार अग्रवाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। श्याम मसाले ने देश में पहली बार पेस्टिसाइड एवं रासायनिक खादों के रण आने वाली स्वास्थय सम्बन्धी गड़बड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिए IPM इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट के अनुरूप गुणवत्तायुक्त मसालों का उत्पादन प्रारम्भ किया हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछलें दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच अभियान चलाकर मसालों में गुणवत्ता की कमी बताकर सैंपल लिए गए थे, जिसके कारण मसाला उद्योग पर बुरा प्रभाव पड़ा था। इन्हीं बातों को लेकर 'श्याम मसाले' के प्रबंध निदेशक रामावतार अग्रवाल ने प्रेसवार्ता बुलाकर IPM के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि IPM इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट क्याहै और इसकी गुणवत्ता क्या है। क्योंकि किसानों द्वारा अधिक फसल प्राप्त करने के उद्देश्य से निर्धारित मात्रा से अधिक उर्वरक इस्तेमाल किया जाता हैं और इसी वजह से फसल में पेस्टिसाइड की मात्रा बढ़ जाती है, जिसका मसाला उत्पादन में कोई दखल नहीं होता है। अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों नामी . गिरामी मसाला कम्पनियों के प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जो हड़कंप मचाया था, उससे मसाला कम्पनियों की विश्वसनीयता पर जो आंच आई, जबकि मसाला कम्पनियों का इसमें कोई दोष नहीं था। विशेषतौर पर श्याम मसाले खाद्य सुरक्षा के मानकों का हमेशा से विशेष ध्यान रखता आया है। इसी के मद्देनजर IPM इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट के अनुरूप देश में पहली बार IPM क्वालिटी के उत्पादन बाजार में लाया हैं।

कार्यक्रम में बाबूलाल गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं चेयरमैन राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने अपने संबोधन में बताया कि इस विषय में हमने सरकार और खाद्य सुरक्षा विभाग में अपनी बात रखी है।

प्रेसवार्ता में श्याम मसाले के निदेशक विट्ठल अग्रवाल ने बताया कि हम आमजन की सेहत के लिए उच्च मानकों को अपनाते रहे हैं और उसी बात को ध्यान में रखते हुए IPM क्वालिटी के उत्पादन बाजार में उतारे हैं। प्रेसवार्ता के अंत में श्याम मसाले के ZBM प्रदीप पारीक ने कंपनी और उसके उत्पादन के बारे में जानकारी दी।



### मुख्यमंत्री ने की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की समीक्षा

# सेवा भाव से योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाना करें सुनिश्चित-शर्मा

**अंत्योदय के संकल्प के साथ वंचित वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार**

**राज्य में 90 लाख लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन से लाभान्वित**

**अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए 1500 करोड़**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ समाज के वंचित वर्ग के कल्याण हेतु समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्ग को मिलना सुनिश्चित हो इसके लिए हम प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सेवाभाव से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय बजट घोषणाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे तथा अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ न ले पाए, क्योंकि इससे पात्र व्यक्ति के हितों पर कुठाराघात होता है। शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता तय कर चरणबद्ध रूप से किया जाए। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पत्थर तोड़ने एवं पीसने के कार्य वाले स्थानों एवं खदानों पर निर्धारित गाईडलाइन की सख्ती से पालना सुनिश्चित कराएं ताकि सिलिकोसिस रोग पर नियंत्रण किया जा सके। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, शासन सचिव वित्त (व्यय) नवीन जैन, आयुक्त निशक्तजन एच. गुईटे, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बचनेश अग्रवाल सहित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

#### वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सरकार ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कई निर्णय किए हैं। राज्य बजट में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए एससीएसपी एवं टीएसपी फंड की राशि को 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को भी 1000 रुपये से बढ़ाकर 1150 रुपये किया गया है। राज्य में सभी वर्गों के राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को देय मेस भत्ता भी 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। शर्मा ने कहा कि आश्रय से वंचित घूमंतू समुदाय के लोगों के लिए घूमंतू आवासीय योजना क्रियान्वित की जा रही है। राज्य के दिव्यांग नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, 2 हजार युवा दिव्यांगों को संबल प्रदान करने के लिए स्कूटी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए शीघ्र ही मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना प्रारंभ कर 5 हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी।

#### सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का नियमित हो सत्यापन

*मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार लगभग 90 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की पात्रता व उनसे जुड़े रिकॉर्ड का नियमित रूप से सत्यापन करें और इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे पेंशनर्स की मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य कर संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।*

### राज्यपाल ने ब्यावर जिले में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिक को मिले-राज्यपाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिकों को मिलना चाहिए।

उन्होंने कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने और हरेक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल बागडे ब्यावर में जिला स्तरीय बैठक में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए बिंदुवार उपलब्धियों की जानकारी ली।

उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों के अंतर्गत प्रभावी परिणाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

### उप चुनाव में निर्वाचित हुए राजस्थान विधानसभा सदस्यों का शपथ ग्रहण

# विस अध्यक्ष देवनानी ने दिलाई सभी 7 नव निर्वाचित विधायकों को विधानसभा सदस्य पद की शपथ

**विधायकगण विधानसभा की परंपराओं और मर्यादाओं का करें पालन-देवनानी**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए सभी सात विधायकों को अपने कक्ष में विधानसभा सदस्य पद की शपथ दिलायी। सभी विधायकगण ने हिंदी भाषा में विधानसभा सदस्य पद की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने नव निर्वाचित विधायकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विधायक सदन की गौरवमयी परम्परा, गरिमा, और मर्यादा का अनुपालन करें। समारोह में शांता अमृतलाल मीणा ने सलूंबर से, सुखवंत सिंह ने रामगढ़ से, राजेंद्र भाम्बू ने झुंझुनूं से, अनिल कुमार कटारा ने चौरासी से, रेवंतराम डांगा ने खींवसर से, राजेंद्र गुर्जर ने देवली उनियारा से एवं दीनदयाल ने दौसा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने पर विधानसभा सदस्य पद की शपथ ली।

### कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

# नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित - जिला कलक्टर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर की ई-शपथ की वेबसाइट को लॉन्च किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की जयपुर जिला इकाई एवं MyGov दिल्ली की टीम के सहयोग से अल्प समय में इस पोर्टल को तैयार कराया। सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए ई-शपथ पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल नशा मुक्त जयपुर के लिए वातावरण निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से जयपुर जिले के प्रत्येक युवा को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने का प्रयास रहेगा। इस हेतु 21 लाख नागरिकों को ई-शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोर्टल के लिंक https://pledge.mygov.in/nasha-mukt-jaipur/ का उपयोग कर ई-शपथ ली जा सकती है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई एवं बैठक के दौरान ही अधिकारियों को ई-शपथ का प्रमाण पत्र भी वितरित किया। जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर को जन अभियान बनाने एवं युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

## सम्पादकीय

# संभल : दिशा-निर्देश जरूरी

संभल में जो कुछ घट रहा है वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि Places of Worship Act, 1991 जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गई, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में।

**संभल में हुई हिंसा ने देश में एक बार फिर धार्मिक सहिष्णुता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। Places of Worship Act, 1991 के बावजूद, देश में धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। संभल का मामला इस बात का एक उदाहरण है कि कैसे न्यायपालिका का एक फैसला भी सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकता है।**

संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी?

Places of Worship Act, 1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आए दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है।

ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है। इसकी एक वजह खुद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई Places of Worship Act की अतिरिक्त व्याख्या है। मई 2022 में चंद्रचूड़ ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। इस व्याख्या ने विवादों को पैर जमाने की जगह दे दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है।

सुप्रीम कोर्ट में 1991 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं। 2022 में तत्कालीन CJI यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। सरकार की चुप्पी और निचली अदालतों की अतिरिक्त तेजी से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देकर निचली अदालतों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे कि इस तरह के मामलों को किस तरह से हैंडल करना है, वरना यह आग फैलती ही जाएगी।

---

**डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना और डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाना आवश्यक है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नीतियों और प्रौद्योगिकियों में सुधार करना होगा।**

# डिजिटल अर्थव्यवस्था: स्थिरता और सशक्तिकरण का नया अध्याय

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net





डॉ. अमित वर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**डिजिटलीकरण और आर्थिक स्थिरता के बीच तालमेल स्थापित करना भारत के आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। डिजिटल तकनीकों ने न केवल आर्थिक विकास को तेज किया है बल्कि वित्तीय समावेशन, पारदर्शिता और सरकारी योजनाओं की दक्षता को भी बढ़ावा दिया है।**

भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ डिजिटलीकरण और आर्थिक स्थिरता के बीच परस्पर संबंध स्पष्ट रूप से उभर रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी ने भारत के आर्थिक ढांचे को पुनः परिभाषित किया है। यह न केवल आर्थिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने में सहायक है, बल्कि वित्तीय समावेशन को भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आर्थिक स्थिरता का मतलब है एक ऐसा आर्थिक ढांचा जिसमें आर्थिक विकास संतुलित और सतत हो। इसमें मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, और आय असमानता को नियंत्रित करने के साथ-साथ आर्थिक नीतियों को दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ समन्वित करना शामिल है।

भारत में आर्थिक स्थिरता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। जहाँ एक तरफ डिजिटलीकरण ने अवसरों को बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू चुनौतियों ने इसे एक कठिन कार्य बना दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल तकनीकों के तेजी से अपनाने के कारण उल्लेखनीय बदलाव देखे हैं। डिजिटलीकरण और आर्थिक स्थिरता के बीच परस्पर संबंध ने देश की वित्तीय प्रणाली को बदलने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटलीकरण का अर्थ केवल डिजिटल तकनीकों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा परिवर्तक है जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समावेशी बनाया है। डिजिटल भुगतान प्रणाली, जैसे कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस), भारत के डिजिटलीकरण अभियान की सफलता का प्रमाण है।

2024 में भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जुड़ा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रोत्साहित की गई UPI (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) और डिजिटल भुगतान योजनाओं ने देश को डिजिटल साक्षरता और पारदर्शिता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इन योजनाओं ने न केवल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है, बल्कि भारत के आर्थिक ढांचे को भी अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में डिजिटल इंडिया मिशन की शुरुआत की, जिसमें डिजिटल भुगतान को एक केंद्रीय भूमिका दी गई। इस अभियान का उद्देश्य था कि प्रत्येक नागरिक को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके। PI जैसी पहल के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कैशलेस अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं ने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाई। जनधन खाते और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे महिलाओं के खातों में पहुंचाया गया। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बल्कि उनकी डिजिटल साक्षरता भी बढ़ी। डिजिटल भुगतान प्रणाली ने छोटे व्यापारियों और MSME (माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज) को औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल करने का काम किया। त्तक्र कोड और ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से व्यापारियों ने अपना ग्राहक आधार बढ़ाया और अधिक पारदर्शी तरीके से व्यापार किया। आधार पेमेंट सिस्टम (AePS) और मोबाइल नंबर आधारित भुगतान ने ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में डिजिटल पेमेंट को प्रोत्साहन दिया। इससे उन क्षेत्रों में भी डिजिटल वित्तीय सेवाएं पहुंच सकीं, जहां बैंकों की पहुंच सीमित थी। प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल योजनाओं में रुपे कार्ड और e-RUPI वाउचर का योगदान भी महत्वपूर्ण है। e-RUPI वाउचर ने लक्षित योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों तक सीधी मदद पहुंचाई। इससे भ्रष्टाचार कम हुआ और सरकारी योजनाओं का प्रभाव बढ़ा।भारत में डिजिटलीकरण की शुरुआत 1990 के आर्थिक सुधारों के बाद हुई, लेकिन 2016 के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और नोटबंदी के बाद यह प्रक्रिया तेज हो गई। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (PI), आधार-आधारित सेवाएँ, और भारत नेट जैसी परियोजनाओं ने डिजिटलीकरण को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों तक पहुँचाने में मदद की है। जुलाई 2024 तक, भारत में कुल UPI लेनदेन मूल्य लगभग 20.64 रुपए ट्रिलियन है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, औसत दैनिक लेनदेन मूल्य लगभग ?66,590 करोड़ तक पहुंच गया है, जो इस बात का प्रमाण है कि डिजिटल भुगतान ने भारत को नकदी आधारित अर्थव्यवस्था से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

फिनटेक क्षेत्र ने भारत में डिजिटलीकरण को मजबूती प्रदान की है। ये कंपनियां न केवल ऋण प्रदान करने में सहायता करती हैं, बल्कि वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए, क्रेडिट स्कोर आधारित लोन वितरण और डिजिटल बचत खाते खोलने की प्रक्रिया ने छोटे व्यवसायों और ग्रामीण उद्यमियों को नई आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने में मदद की है। आर्थिक स्थिरता का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें देश की अर्थव्यवस्था संतुलित विकास की ओर अग्रसर हो और वित्तीय प्रणाली स्थिर और टिकाऊ हो। डिजिटलीकरण ने इस दिशा में कई सकारात्मक प्रभाव डाले हैं। बैंकिंग सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता ने न केवल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी सशक्त किया है।

डिजिटलीकरण ने सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सब्सिडी और अन्य लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए जा रहे हैं। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और भ्रष्टाचार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटलीकरण ने आर्थिक स्थिति में कई सकारात्मक बदलाव लाए हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। डिजिटलीकरण के बावजूद, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएँ अभी भी गंभीर बनी हुई हैं।

---

# प्राकृतिक चिकित्सा : रोगों का जड़ से उपचार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



डॉ. संजय कुमार बैरवा
प्राकृतिक चिकित्सक
@jagrukjanta.net

प्राकृतिक चिकित्सा भारत में पारंपरिक उपचार की महत्वपूर्ण प्रणालियों में से एक है। प्राकृतिक चिकित्सा का अर्थ है प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए शरीर को स्वस्थ रखना। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं। प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से अनुशासित दिनचर्या का पालन कर शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। वास्तव में, प्राकृतिक चिकित्सा मानव कल्याण का समग्र मार्ग है।

प्राकृतिक चिकित्सा एक विशिष्ट प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली है जो शरीर के स्व-उपचार तंत्र पर जोर देती है। इसके अंतर्गत मानव स्वास्थय की रक्षा के लिए उपचार प्रणालियों की विस्तृत श्रृंखला का इस्तेमाल किया जाता है। प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांत व्यायाम, धूप, ताजा जल, तनाव प्रबंधन, स्वस्थ आहार आदि की उपयोगिता पर आधारित हैं। प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य के महत्व पर बल देती है, बीमारी के लक्षणों को कम करती है, संपूर्ण मानव तंत्र को संतुलित करती है और स्वस्थ होने में शरीर की स्वयं की क्षमता बढ़ाती है। इसलिए यह मानव शरीर से विषैले और अवांछित पदार्थों को निकाल कर उसे स्वस्थ रखने का काम करती है।

प्राकृतिक चिकित्सा का मानना है कि किसी भी बीमारी का प्राथमिक कारण शरीर में रुग्ण पदार्थों का जमा होना है। बैक्टीरिया और वायरस मानव शरीर में तभी प्रवेश करते हैं जब शरीर में रुग्ण पदार्थ जमा हो जाते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा का मानना है कि पुरानी बीमारियां गलत उपचार और किसी पुराने रोग को दबाने का परिणाम हैं। मानव शरीर में स्वयं को रोगों से बचाने और उसे पुनर्जीवित करने की शक्ति होती है। इसलिए, इलाज की प्रक्रिया में, पूरे मानव शरीर को रोग को ठीक करने के लिए लक्षित किया जाता है। प्राकृतिक चिकित्सा में दबी हुई बीमारियों को सतह पर लाया जाता है और स्थायी रूप से समाप्त कर दिया जाता है।

प्राकृतिक चिकित्सा में कई उपचार शामिल हैं जिनमें जड़ी-बूटियाँ, मालिश, व्यायाम और आहार/पोषण संबंधी परामर्श शामिल हैं। कुछ और लोकप्रिय उपचार जो प्राकृतिक चिकित्सा के अंतर्गत आते हैं, वे हैं मड थेरेपी, मैनिपुलेटिव थेरेपी, इलेक्ट्रोथेरेपी, एक्यूपंक्चर, हाइड्रोथेरेपी, कीमोथेरेपी, फिजियोथेरेपी, व्यायाम, योग थेरेपी और मैग्नेटिक थेरेपी। यहां हम प्राकृतिक चिकित्सा में उपयोग की जाने वाली मुख्य उपचार विधियों का उल्लेख कर रहे हैं।

**आहार चिकित्सा:** प्राकृतिक चिकित्सा में, भोजन को आमतौर पर उसकी प्रकृति के अनुसार अम्लीय या क्षारीय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इस प्रकार, आहार चिकित्सा शरीर के विभिन्न भागों और पूरे पाचन तंत्र की गति और कार्य को प्रभावित करती है। इस थेरेपी के तहत मुख्य रूप से तीन प्रकार के आहार होते हैं:-

**क) उन्मूलन आहार:** यह आहार शरीर को शुद्ध करने पर केंद्रित है। मानव शरीर को फिर से जीवंत करने में मदद करने वाले खाद्य पदार्थ इस श्रेणी में आते हैं। यह आमतौर पर आहार चिकित्सा में पहले आता है। पूरे सिस्टम को शुद्ध करने के लिए, आपको शुरुआत में स्वास्थ्य की नींव रखनी होगी। इस डाइट में नींबू पानी, सिट्रिक जूस, ग्रीन टी आदि भोजन शामिल हैं।

**ख) शांतिदायक आहार:** शरीर को डिटॉक्सीफाई या विषाक्तता मुक्त करने का दूसरा तरीका शांतिदायक आहार है। यह आहार विशेष रूप से मानव शरीर को गैर विषैले खाद्य व्यवहार का आदी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि शरीर ठोस भोजन को बेहतर ढंग से पचाना शुरू कर सके। इस आहार चिकित्सा में उबली हुई सब्जियां, सब्जी का सूप, सलाद आदि जैसे भोजन शामिल हैं।

**ग) रचनात्मक आहार:** रचनात्मक आहार इस चिकित्सा पद्धति की तीसरी और अंतिम विधि है जिसमें मानव शरीर बेहतर ढंग से कार्य करना शुरू कर देता है। इस चरण में, शरीर को साबुत गेहूं और कार्बोहाइड्रेट दिया जाता है। थेरेपी में अंकुरित अनाज, दालें, बिना पॉलिश किए चावल आदि भोजन शामिल हैं।

**उपवास चिकित्सा:** प्राकृतिक चिकित्सा उपचार का एक व्यवस्थित तरीका है जिसमें यह माना जाता है कि अधिकांश रोगों का मूल कारण पाचन तंत्र में विषाक्त पदार्थों का जमा होना है। उपवास को प्राकृतिक चिकित्सा की प्रमुख तकनीकों में से एक माना गया है। यह किसी भी रसायन का सेवन किए बिना प्राकृतिक उपचार के विचार को बढ़ावा देता है। प्राकृतिक चिकित्सा में, प्रकृति को शरीर में सफाई की प्रक्रिया शुरू करने और भोजन को पचाने के लिए अतिरिक्त भार को कम करने में सक्षम बनाने के लिए उपवास किया जाता है। उपवास चिकित्सा शरीर के स्वास्थ्य और ताजगी को पुनः प्राप्त करने के लिए पाचन तंत्र को आराम देने के विचार पर जोर देती है। यह चिकित्सा पाचन अंगों को अपनी दक्षता बहाल करने के लिए पर्याप्त समय देती है जो विषाक्त खाने की आदतों से विकृत हो गई है। चूंकि अस्वास्थ्यकर भोजन विकल्प हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, उपवास चिकित्सा एक ऐसी प्राकृतिक घटना है जो शरीर को डिटॉक्सीफाई करती है ताकि दीर्घावधि में प्रतिरक्षा, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावात्मक सुरक्षा बढ़ायी जा सके।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

---

## जागरूक प्रेरणा

### असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है

**भगवान** शीराम हर पल आतमकसथकत मेरहे। वेतकनक भी असंयकमत नही हुए। असंयम लकय कवमुख कर देता है। जब हम ककसी सेपकतसपधावका भाव रखतेहै, तब उस वयकलत केगुण और उसकेकायो को हम ककसी और ढंग सेदेखतेहै। उसी वयकलत सेजब हमारा राग होता है, तो हम उसकेहर कायवमेशेषता ही देखतेहै। देर होनेपर हमनयूनता और दोरो को ही खोजतेहै। आसकलत होनेपर उसकेपकत हम अपना सववसव नयोछावर करनेमेभी तकनक संकोच नही करतेहै। हमारी यह इंदधनुरीय दृकष और वृकत जब ककसी पद और अकधकार पापत वयकलत केसाथ जुड जाती है, तब वह वयकलत कवकार को और भी कवकृत कर उसेवयापक बना देता है, तब उस मनः कसथकत मेकनणवय देने, सामाकजक वयवहार करनेमेवह अपनेअकधकारो का दुरपयोग करता हुआ सवयं और समाज को गतवमेडाल देता है। शीरामचकरतमानस मेगुर वकशष नेशीभरत के अंदर तब इस कतपुटी की पधानता सवीकारी, जब शीभरत भगवान की पादुकाओ को अपनेकसर पर लेकर आए और गुरदेव वकशष सेपूछा कक यकद आपका मंगलाशासन हो तो मैपादुका रप पभुको नंदीगाम जाकर कसंहासनासीन कर वही सेराजय का कायव संभाल लूंगा? तब गुरदेव नेमानो भरत सेयही कहा कक समुझव (समझ) केरप मे तुमहारेअंदर कवधाकयका केगुण है, कहब (कथन) केरप मेनयायपाकलका केगुण है और करब (करनी) केरप मेकायवपाकलका केगुण है।

---

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



वे ही एकमात्र सत्य हैं। जो एकमात्र ज्ञान स्वरूप, प्रकृति से परे एवं अदृश्य हैं जो समस्त वस्तुओं के मूल में स्थित अव्यक्त है और देशकाल अथवा वस्तु से जिनका पार नहीं पाया जा सकता, वही प्रभु इस जीव के हृदय में अन्तर्यामी रूप से विराजमान रहते हैं। गीता में देह को क्षेत्र और देही और आत्मा को क्षेत्रज्ञ कहा गया है। देह को असत् और देही को सत, देह यानि शरीर को क्षर और शरीरी को अक्षर, शरीर को अपरा तथा शरीरी यानि आत्मा को परा कहा गया है। श्रीमद्भागवत में शरीर को रथ की संज्ञा देते हुए इस प्रकार वर्णन किया गया है। इस शरीर रत की इन्द्रियां घोड़े हैं। इन्द्रियों का स्वामी मन लगाम है। पांच विषय शब्द स्पर्श रूप रस गंध मार्ग है। बुद्धि सारथी है। चित्त भावना द्वारा निमित्त बंधने की रस्सी है। दश प्राण धुरी हैं। धर्म और अधर्म पहिये हैं और अभिमानी जीव रथी कहा गया है। ऊंकार ही इस रथी का धनुष है। शुद्ध चेतन जीवात्मा बाण और परमात्मा लक्ष्य है। रागद्वेष, लोभ, शोक, मो, भय, मद, मान, अपमान। दूसरे के गुणों में दोष निकालना, छल, हिंसा, दूसरों की उन्नति देखकर जलना, तृष्णा, प्रमाद, भूख और नींद ये सब और ऐसे ही बहुत से इस रथी जीव के शत्रु हैं। तीनों गुण सत्व, रज, तम तीन वृत्तियां हैं। यह शरीर रूपी रथ जब तक अपने वश में है,

**क्रमशः**

---

## ओपिनियन

# जलवायु परिवर्तन से जूझती महिलाएं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**जलवायु संकट, क्षमता से अधिक संसाधनों का उपभोग और वायु प्रदूषण ने जिन समस्याओं को जन्म दिया है, उनका सबसे अधिक सामना महिलाओं को ही करना पड़ रहा है। प्रेगनेंसी के पहले और आखिरी महीने में महिलाओं एवं गर्भस्थ शिशु को सबसे ज्यादा नुकसान होता है।**

संयुक्त राष्ट्र की ओर से हाल ही में महिला आधारित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2050 तक जलवायु परिवर्तन के चलते 158 मिलियन से अधिक महिलाएं और लड़कियां गरीबी की ओर जा सकती हैं। वहीं 236 मिलियन से अधिक महिलाओं और लड़कियों को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है। एक अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 130 मिलियन लड़कियों को शिक्षा के मानवाधिकार से वंचित रखा जाता है और जलवायु संबंधी संकट इस दिक्कत को और अधिक बढ़ा देते हैं। ऐसे मुश्किल समय में लड़कियों की जल्दी शादी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उन्हें घर की जरूरतों में मदद करने के लिए सबसे पहले स्कूल से निकाला जाता है। जलवायु संकट, क्षमता से अधिक संसाधनों का उपभोग और अथाह वायु प्रदूषण ने जिन समस्याओं को जन्म दिया है, उनका सबसे अधिक सामना महिलाओं को ही करना पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते पूरी दुनिया में मां की कोख में पल रहे शिशु भी सुरक्षित नहीं है। डॉक्टरों का कहना है कि हवा में बिखरे हैवी मेटल्स मां की सांस के जरिए अजन्मे बच्चों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वायु प्रदूषण नवजातों के दिल, दिमाग और फेफड़ों के लिए घातक है। प्रदूषित वातावरण में सांस लेने पर पॉल्यूशन प्लेसेंटा को पार कर भ्रूण तक पहुंच रहा है। प्रदूषण खून के जरिए पोषक तत्वों को शिशु तक पहुंचने से रोकता है। इससे शिशु के दिमाग और फेफड़े सही से डेवलप नहीं हो पाते हैं। बच्चों में हार्ट में परेशानी, सांस की जन्मजात बीमारी, न्यूरो डेवलपमेंट पर दुष्प्रभाव, लंग्स की मैच्योरिटी पर भी असर होता है। कई बच्चों में ऑटिज्म और बौद्धिक दिव्यांगता की भी समस्या देखी गई है। चिंता की बात यह है कि गर्भावस्था की शुरुआती जांच में ही भ्रूण में प्रदूषण के कण मिल रहे हैं। लंबे समय तक अगर बच्चा इस प्रदूषण के संपर्क में रहता है, तो उसे कैंसर होने का खतरा भी बना रहता है।

चीन के गुआंगडोंग प्रांत में प्रदूषण से होने वाली प्रीमैच्योर डिलीवरी को लेकर एक शोध हुआ। इसमें शामिल 687 महिलाओं को प्रीमैच्योर डिलीवरी हुई थी और 1097 महिलाओं को कम वजन वाले बच्चे हुए थे। उनकी तुलना 1766 हेल्दी बर्थ वाली महिलाओं के साथ की गई। गौर करने वाली बात यह है कि चीन के इस प्रांत में पूरे देश के औसत से कम प्रदूषण होता है। चीन में भी उत्तर भारत की तरह सितंबर-अक्टूबर से वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू होता है और गर्मियों में कम होता है। इस शोध में यह पता चला कि प्रेगनेंसी के पहले और आखिरी महीने में महिलाओं तथा गर्भस्थ शिशु को प्रदूषण से सबसे ज्यादा नुकसान होता है। वहीं अमेरिका में होने वाले कुल प्रीमैच्योर बर्थ में तीन फीसदी की वजह प्रदूषण होता है। ऐसे बच्चों की संख्या 16 हजार है। प्लोस मैगजीन के मुताबिक, दुनिया भर में करीब 60 लाख बच्चे प्रदूषण की वजह से समय से पहले जन्म ले रहे हैं। इनमें से आधे बच्चे अंडरवेट यानी कम वजन के हैं।

वहीं लैंसेट की ओर से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में वायु प्रदूषण के प्रेगनेंसी पर असर को लेकर एक स्टडी की गई थी। इसमें सामने आया कि तीनों देशों में प्रदूषण की वजह 29 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस यानी गर्भपात हुआ। इसमें से अकेले 77 प्रतिशत प्रेगनेंसी लॉस भारत में हुआ, जबकि पाकिस्तान में 12 प्रतिशत और बांग्लादेश में 11 प्रतिशत मामले सामने आए। इस स्टडी में 34,197 महिलाओं को शामिल किया गया था, जिनमें से 27,480 महिलाओं ने मिसकैरेज और 6,717 स्टिल बर्थ (बच्चे की हार्ट बीट गायब होना) झेला। शोध में कहा गया कि प्रदूषण बढ़ने के साथ मानव स्वास्थ्य का खतरा भी बढ़ गया है। आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण महिला स्वास्थ्य के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाहरी खतरा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचआईवी-एड्स, मलेरिया और टीबी के लिए हर साल बड़े वैश्विक कोष का निवेश किया जाता है, लेकिन वायु प्रदूषण के लिहाज से ऐसा नहीं है।

---

## जागरूक जनता Selfie विद सन



रुद्रांश धवन सन नीलम-डॉ. संजय बैरवा, जयपुर


### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

## पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 04/12/2024**

**सूर्योदय :** 07:05 **सूर्यास्त :** 17:29 **चन्द्रोदय :** 09:49 **चन्द्रास्त :** 20:13 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **चन्द्रमास मार्गशीर्ष :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **मार्गशीर्ष :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2081 नल **अमान्ता महीना :** मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत :** मार्गशीर्ष **सूर्य राशि :** वृश्चिक **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** शुक्ल **पंचांग तिथि :** तृतीया, 13:08 तक **वार :** बुधवार.

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा, 17:04 तक
**योग :** गांदा, 13:50 तक
**प्रथम करण :** गारा, 13:08 तक
**द्वितिय करण :** वणिजा, 25:00 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:10 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:37 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 01:56 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:21 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:24 पी एम से |
| अमृत काल | 12:20 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:45 पी एम से |
| रवि योग | 05:15 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व, दक्षिण
होमाहुति : सूर्य, बुध

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:04 - 08:22 | उद्वेग : 17:28 - 19:10 |
| अमृत | : 08:22 - 09:40 | शुभ : 19:10 - 20:52 |
| काल काल वेला | : 09:40 - 10:58 | अमृत : 20:52 - 22:34 |
| शुभ | : 10:58 - 12:16 | चर : 22:34 - 00:16 |
| रोग वार वेला | : 12:16 - 13:34 | रोग : 00:16 - 01:58 |
| उद्वेग | : 13:34 - 14:52 | काल : 01:58 - 03:40 |
| चर | : 14:52 - 16:10 | लाभ : 03:40 - 05:22 |
| लाभ | : 16:10 - 17:28 | उद्वेग : 05:22 - 07:04 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज तृतीया

**आज कौन सा कार्य करें**

चतुर्थी, नवमी व चतुर्दशी रिक्ता तिथियां हैं। इनमें कोई भी मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

मार्गशीर्ष, शुक्ल, तृतीया, 2081 बुधवार, 04 दिसम्बर - 10 दिसम्बर, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
सार्वजनिक जीवन अधिक बेहतर बनेगा उधारी वाले परेशान कर सकते है। कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
गैस-कब्ज-पित्त के रोग से परेशानी होगी। क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
कार्यो में मनचाही सफलता मिलने से प्रसन्न रहेंगे। **नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
क्रोध पर संयम रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा। नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

पर्यटन विभाग में हुआ 'महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट' एवं 'ब्रज चौरासी यात्रा' का प्रस्तुतिकरण

# विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित करना सरकार का लक्ष्य-दीया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष सोमवार को पर्यटन भवन में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत तथा पर्यटन शासन सचिव रवि जैन की उपस्थिति में "महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट" एवं "ब्रज चौरासी यात्रा' की "Concept Plan & Preliminary Report" तैयार करने हेतु प्राप्त निविदाओं का कन्सलटेन्टस/आर्किएक्टस द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष निविदाओं का कन्सलटेन्टस/आर्किएक्टस द्वारा उक्तानुसार बिंदुवार प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में "महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट" एवं "ब्रज चौरासी यात्रा' का विकास करना तथा यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास करने हेतु विभिन्न बिंदु प्रस्तावित किए गए। दिया कुमारी ने प्रस्तुतिकरण पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आज विभिन्न एजेंसियो की ओर से प्रस्तुतिकरण दिए गए हैं। उक्त आधार पर बिंदुवार नियोजित रूप से योजना बनाकर काम किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान पर्यटन विभाग की 145 करोड़ की दो बड़ी योजनाओं को मंजूरी पर पत्रकारों के समक्ष केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार जताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने विभिन्न पर्यटन केन्द्रों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए पूंजीगत व्यय की विशेष योजना के अंतर्गत आमेर और नाहरगढ़ के विकास के लिए 49.31 करोड़ और जल महल क्षेत्र के विकास के लिए 96.61 करोड़ रही परियोजना को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि जयपुर में सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित करने को लक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में जयपुर के चारदीवारी क्षेत्र के लिए 100 करोड़ की योजना के क्रियान्वयन का काम चल रहा है।

# गुप्त वृन्दावन धाम में हरिनाम संकीर्तन से हुई बांग्लादेशी हिन्दुओं की सुरक्षा की अपील

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गुप्त वृन्दावन धाम में रविवार सुबह पूरे शहर से हज़ारों भक्त एकजुट हुए और हरिनाम संकीर्तन के द्वारा बांग्लादेश में शान्ति और सद्भाव की अपील की। सैकड़ों भक्तों ने बांग्लादेश में सनातन धर्म के अनुयायियों की सुरक्षा और भलाई के लिए विशेष हरिनाम संकीर्तन और विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

यह यात्रा गुप्त वृन्दावन धाम के प्रांगण से शुरू होकर मंदिर के मुख्य द्वार, अक्षय पात्र सर्कल, कृष्ण बलराम मार्ग और हरे कृष्ण मार्ग से होते हुए वृंदावन गार्डन में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन किया और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए नारे लगाए।

गुप्त वृन्दावन धाम के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की इस यात्रा का उद्देश्य पूरे विश्व को हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से शांति और सुरक्षा का संदेश देना था। इसके साथ ही हरिनाम संकीर्तन द्वारा बांग्लादेश और भारत सरकार से अपील की गई कि वे मिलकर शांति व्यवस्था स्थापित करें और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के स्थायी सुरक्षा और सद्भाव की गारंटी दें। इस अवसर पर भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की। "हे भगवान श्रीकृष्ण, कृपया बांग्लादेश के सभी सनातन धर्म के अनुयायियों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करें। वहां स्थायी शांति और सद्भाव स्थापित हो।"

# जिला कलक्टर के निर्देश पर बालश्रम टास्कफोर्स की बड़ी कार्रवाई

**11 बाल श्रमिकों को करवाया मुक्त, बाल कल्याण इकाई को किया सुपुर्द**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला बालश्रम टास्क फोर्स ने जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टास्क फोर्स ने ऑटोमोबाइल रिपेयर की 7 दुकानों पर छापा मार कर वहां काम कर रहे 11 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया। मुक्त करवाए गए सभी बाल श्रमिकों की आयु 11 से 15 वर्ष के बीच है। वरिष्ठ श्रम निरीक्षक अंकिता महर्षि ने बताया कि मुक्त करवाये गए बाल श्रमिकों को परामर्श एवं अस्थाई संरक्षण के लिए गांधी नगर स्थित बाल कल्याण समिति की टीम को सुपुर्द किया गया है। रेस्क्यू कार्रवाई के दौरान बचपन बचाओ आंदोलन एवं प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, श्रम निरीक्षक राहुल सपलानिया एवं ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी राजेश बाफना मय पुलिस जाब्ता मौजूद रहे।

# अग्रवाल समाज समिति महिला मण्डल मुरलीपुरा ने की देव दर्शन यात्रा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अग्रवाल समाज समिति महिला मण्डल मुरलीपुरा के द्वारा देव दर्शन यात्रा करौली एवं कैला माता आयोजित की गयी। जिसमे महिला मण्डल की अधिकांश पदाधिकारी ने यात्रा मे भाग लिया। सुबह 4 बजे से जयपुर के आराध्य देव श्री गोविन्द देव के दर्शन से शुरू हुई यात्रा गोपीनाथ जी, करौली के मदन मोहन, कैला देवी एवं घाटे के मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करते हुए देर रात्रि जयपुर वापसी मे पहुंची, प्राइवेट वाहन के द्वारा गयी यात्रा मे सभी ने पुरे रास्ते भजन व ईश्वर स्तुति मे आनन्द लिया यात्रा के दौरान रास्ते के विभिन्न मनोहरक स्थानों पर रुक वहाँ के वातावरण का भी आनन्द लिया। यात्रा में महिला मण्डल की अध्यक्षा मृदुला पंसारी एवं पदाधिकारी वसुंधरा मित्तल, अलका अग्रवाल, सुमन गर्ग, संतोष गुप्ता, डॉ रजनी गुप्ता, रचना अग्रवाल ने यात्रा का नेतृत्व किया अन्य महिलाओ में अनीता गुप्ता, चंदा अग्रवाल, उषा बैराठी, सविता अग्रवाल, चंदा, सीता, अल्पना, प्रवीण अग्रवाल ने भी यात्रा का आनन्द लिया।

# भारतीय संविधान का मैथिली भाषा में विमोचन होने से देश स्तर पर मिथिला का बढा सम्मान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** संविधान दिवस समस्त देशवासियों के लिए गौरवपूर्ण तिथि है संविधान दिवस के 75वें वर्ष के शुभ अवसर पर बिहार वासियों को विशेष गर्व की अनुभूति हो रही है कारण यह है कि संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में संविधान की प्रति का मैथिली अनुवाद लोकार्पित किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर सांसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में लोकार्पण किया गया। संसार की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत में अनुवादित संविधान की प्रति लोकार्पित हुई। संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने पर देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष आयोजन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों सदनों की स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष सहित सभी दलों के सांसद मौजूद रहे। मैथिली भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल है जिसके कारण इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। पहली बार संविधान को अंकित होने के 75 साल बीत गए परंतु संस्कृत में या मैथिली में संविधान की मूल प्रति का अनुवाद पुरस्तकार में प्रस्तुत नहीं किया गया था।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में आयुर्वेद के माध्यम से ब्यूटी केयर पर 10 दिवसीय कोर्स का समापन

# ब्यूटी प्रोडक्ट्स में रासायन मुक्त विकल्पों की बढ़ रही है मांग-प्रो.शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्विद्यालय जयपुर में आयुर्वेद के माध्यम से ब्यूटी केयर पर 10 दिवसीय विशेष कोर्स का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यो के साथ अमेरिका से कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो आयुर्वेद के सिद्धांतों के माध्यम से स्किनकेयर, हेयरकेयर और वेलनेस के होलिस्टिक दृष्टिकोण को समझने के लिए उत्सुक थे।

संस्थान के आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किए गए इस कोर्स में प्राकृतिक सौंदर्य देखभाल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें मुख अभ्यंग, मुख लेपन, शिरोभ्यंग जैसी हर्बल उपचार पद्धतियाँ और आयुर्वेदिक स्किनकेयर रूटीन शामिल थे। प्रतिभागियों को स्वस्थ त्वचा और बालों के लिए पारंपरिक और प्राकृतिक सामग्री के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। ये तकनीकें व्यक्तिगत प्रशिक्षण और आयुर्वेदिक सौंदर्य देखभाल विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यानों के माध्यम से सिखाई गईं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने 10 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को सौंदर्य उद्योग में आयुर्वेदिक उपचारों के बढ़ते वैश्विक रूझान के विषय में जानकारी दी। प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा भारत देश के साथ पूरे विश्व में ब्यूटी प्रोडक्ट्स के लिए प्राकृतिक ओर रासायनिक-मुक्त विकल्पों की मांग बढ़ रही है और आयुर्वेद इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयुक्त माध्यम है। आयुर्वेद के ज्ञान को उन व्यक्तियों के साथ साझा करने में हम गर्व महसूस करते हैं, जो सौंदर्य और वेलनेस के लिए एक अधिक समग्र और सतत दृष्टिकोण की तलाश में हैं।

# जे.पी. कॉलोनी मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के लिए दिया ज्ञापन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वार्ड 24 स्थित जेपी कॉलोनी के सामने वाली 120 फीट रोड को बनाने की प्रयासों की कड़ी में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी के कार्यालय के निर्देशानुसार जेडीए जॉन -2 उपायुक्त महोदया से मिलकर आज बातचीत की व इस समस्या के समाधान हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया। उपायुक्त महोदया ने शीघ्र ही रोड निर्माण मैं आ रही समस्याओं को दूर करने एवं रोड निर्माण को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। और कहा कि रोड निर्माण को लेकर जल्दी ही सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर मनोज शर्मा भाजपा वार्ड अध्यक्ष 24, हरिओम सिंह पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड 24 सतीश जागा युवा मोर्चा उपस्थित थे।

# गुप्त वृन्दावन धाम में हुआ श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन 2024 का शुभारम्भ



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** श्रील प्रभुपाद भगवान् श्रीकृष्ण के शुद्ध भक्त हैं, उनके दिखाए भक्ति मार्ग पर चलकर ही भक्त आध्यात्मिक प्रगति कर सकते हैं और भगवान् का साक्षात्कार कर सकते हैं। भक्त उनकी पुस्तकों एवं ग्रंथो को पढ़कर भक्ति पथ पर आगे बढ़ सकते हैं और भगवद धाम जाने का मार्ग सुनिश्चित कर सकते हैं। इस उद्देश्य के साथ जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन 2024 का शुभारम्भ किया गया। हरे कृष्ण मूवमेंट की बुक मैराथन का प्रारंभ गुप्त वृंदावन धाम के कृष्ण हॉल में हुआ। इस विशेष अवसर पर गुप्त वृंदावन धाम के उपाध्यक्ष श्री अनंत शेष दास उपस्थित थे उन्होंने बताया यह 1972 में श्रील प्रभुपाद द्वारा भक्ति वेदांता बुक ट्रस्ट BBT की स्थापना की गई। यह बुक मैराथन वैश्विक पहल का हिस्सा है, इस वर्ष पिछले वर्ष के 1 लाख पुस्तकों के वितरण के रिकॉर्ड को पार करने का लक्ष्य रखा गया है। यह मैराथन दो महीने तक चलेगी और 23 फरवरी 2025 को परिणाम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समाप्त होगी। विजेताओं को पुरस्कारों में टेबलटॉप कैलेंडर, विशेष जप किट, फोटो फ्रेम, टी-शर्ट, और मधु पंडित प्रभु द्वारा हस्ताक्षरित पवित्र पुस्तकें दी जायेंगी।

अन्य प्रतिभागियों को स्पेशल बैग, गोल्ड मेडल और "बैक टू गॉडहेड" यात्रा का फ्री टिकट प्रदान किया जाएगा। गुप्त वृन्दावन धाम में हरे कृष्ण मूवमेंट की बुक मैराथन के सुपर 3 विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा और धाम यात्रा करवाई जाएगी।

# निर्धनों को कंबल किए वितरित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अग्रवाल परिवार (जयपुर) सोशल ग्रुप (रजि.) के तत्वाधान में निवारू रोड झोटवाड़ा स्थित श्री शनि मंदिर से शुरुआत करते हुए जरूरतमंदों को आगामी सर्दी को देखते हुए श्री गोविंद देव जी मंदिर, चांदपोल श्री हनुमान मंदिर, के बाहर गरम कंबल वितरित किए गए। अग्रवाल परिवार का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सेवा जन सेवा वह नर सेवा को ही नारायण सेवाएं मानते हुए कार्य किए जाते हैं अब तक अग्रवाल परिवार के द्वारा जो भी कार्य किए गए व प्रसन्नता योग्य हे परिवार के सभी सदस्य आपस में मिलजुल कर आपस के सहयोग से कार्य करते हैं सभी सदस्य आपस में परिवार के सदस्यों की तरह मेलजोल रखते हैं सामाजिक वचन सेवा के कार्य अग्रवाल परिवार के द्वारा निरंतर किए जाते रहते हैं इस अवसर पर कृष्णावतार अग्रवाल (सिंगोद खुर्द वाले) श्रीकांत गोयल, अमित सिंघल, एडवोकेट कमलेश अग्रवाल, रवि गुप्ता विकास गुप्ता, लक्ष्मण अग्रवाल, एडवोकेट नवीन गुप्ता निशा गोयल. कविता सिंघल हेमलता अग्रवाल कुसुम अग्रवाल रूपाली गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत 21 एवं 22 दिसंबर को

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित की जा रही चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 14 दिसंबर 2024 के स्थान पर 21 एवं 22 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। विधि विभाग के विशिष्ट शासन सचिव सुरेन्द्र पुरोहित ने बताया कि उच्च न्यायालयों एवं जिला न्यायालयों के बार एसोसियेशन के वार्षिक चुनाव 13 दिसम्बर को होने के कारण 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली इस वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर एवं जयपुर पीठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 21 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

# बाबा बागेश्वर धीरेन्द्र शास्त्री की पद यात्रा में शामिल हुए हरिओम सिंह हिन्दुस्तानी



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा सनातन धर्मपथ को लेकर शुरू की गई बागेश्वर धाम से ओरछा तक की यात्रा में जयपुर निवासी हरिओम सिंह हिन्दुस्तानी अपने साथियों जितेन्द्र सिंह , दिलीप सिंह रानासर व अरुण सिंह सहीत सम्मिलित हुए।मऊरानी जिला झांसी उत्तर प्रदेश में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ।सुबह मऊरानी झांसी से रवाना होकर झांसी की तरफ यात्रा निरन्तर आगे बड़ी।हरिओम सिंह हिन्दुस्तानी ने बाबा धीरेन्द्र जी शास्त्री को राधे गोविन्द श्याम बाबा की इत्र प्रसादी भेंट की जिसे बाबा ने स्वयंम अपने हाथों से अपने वस्त्रों पर लगाया। सनातन धर्म के उत्थान, हिन्दू राष्ट्र के संकल्प तथा जाति पाति की करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई भाई के घोष से गुन्जायमान इस यात्रा में सैकड़ो राजस्थानी सम्मिलित हुए।

15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# चुनाव प्रक्रिया में बेहतर कार्य करने अधिकारी-कार्मिक राज्य-स्तर पर सम्मानित होंगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचन कार्य के दौरान अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नवाचार-युक्त कार्य करने वाले अधिकारियों-कार्मिकों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने पहली बार पुरस्कार के लिए कार्मिकों के चयन की प्रक्रिया को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, 2024 है।

महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर 1 जनवरी से 31 दिसम्बर, 2024 की अवधि में निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए निम्न श्रेणियों के तहत आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं–

जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) पदेन जिला स्वीप प्रभारी, मास्टर ट्रेनर, मीडिया संबंधी कार्मिक, आईटी कार्मिक, सांख्यिकी कार्मिक, निर्वाचन व्यय अन्वेक्षण संबंधी कार्मिक (एफएस/एसएसटी/पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसी कार्मिक), सेक्टर ऑफिसर, अन्य कोई भी विषय, जिसके अंतर्गत निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य किया गया है, से सम्बंधित कार्मिक या अधिकारी।

उपरोक्त श्रेणियों के आवेदन सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्वाचन विभाग को 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जाने हैं। महाजन ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार आवेदन के प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की अधिकारिक वेबसाइट election.rajsathan.gov.in पर उपलब्ध है।

# ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी, नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**आगरा।** यूपी के आगरा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। आगरा के ताज महल को आज ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद का कहना है कि पर्यटन विभाग को ईमेल मिला है। उसके आधार पर ताजगंज थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे की जांच की जा रही है।

### क्या है पूरा मामला?

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्कूल, ट्रेनों, होटलों और फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि इसमें से ज्यादातर धमकियां फर्जी पाई गई हैं। लेकिन ताजमहल विश्व प्रसिद्ध धरोहर है और उसे धमकी देने के मामले को बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है।

### चलाया सघन जांच अभियान

**ताजमहल** के भीतर और बाहर के इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया गया। सीआईएसएफ की टीम ने जांच की है और आसपास के इलाकों को खंगाला गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

बीएसएनएल ने लॉन्च की देश की पहली फाइबर ब्रॉडबैंड बेस्ड डिजिटल टीवी सर्विस

# बिना सेट-टॉप बॉक्स के फ्री में देख पाएंगे 500 से ज्यादा HD टीवी चैनल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** बीएसएनएल ने हाल ही में देश की पहली फाइबर ब्रॉडबैंड बेस्ड डिजिटल टीवी सर्विस IFTV को मध्य प्रदेश और तामिलनाडु में लॉन्च किया था। सरकारी टेलीकॉम कंपनी ने अब पंजाब में भी इस सर्विस की शुरुआत कर दी है। इसके लिए BSNL ने Skypro के साथ साझेदारी की है। बीएसएनएल ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स फ्री में 500 से ज्यादा लाइव टीवी चैनल्स देख सकेंगे। कंपनी का दावा है कि यूजर्स को ये सभी टीवी चैनल HD क्वालिटी में दिखाए जाएंगे। साथ ही, यूजर्स को 20 से ज्यादा OTT ऐप्स का भी फ्री एक्सेस मिलेगा।

Skypro एक इंटरनेट प्रोटोकॉल टीवी सर्विस (IPTV) सर्विस प्रोवाइडर्स है, जिसके कई इंटरनेट ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी है। BSNL के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर रॉबर्ट रवि ने पंजाब टेलीकॉम सर्किल के लिए इस सर्विस की शुरुआत की है। पहले चंडीगढ़ के 8,000 बीएसएनएल भारत फाइबर ब्रॉडबैंड यूजर्स को यह सर्विस ऑफर की जा रही है। इसके बाद पूरे पंजाब के ब्रॉडबैंड यूजर्स को इस सर्विस का लाभ मिलेगा। यही नहीं, BSNL अपनी इस सर्विस को जल्द ही पूरे देश के दर्शकों के लिए शुरू करने वाला है।

### बिना सेट-टॉप बॉक्स के देखें चैनल

Skypro की इस स्ट्रीमिंग सर्विस में यूजर्स Star, Sony, Zee, Colors के लगभग सभी टीवी चैनल फ्री में देख पाएंगे। इसके अलावा SonyLIV, Zeez, Disney+ Hotstar जैसे 20 से ज्यादा लीडिंग OTT प्लेटफॉर्म का भी एक्सेस मिलेगा। इस सर्विस की खास बात यह है कि यूजर्स बिना किसी सेट-टॉप बॉक्स के सभी लाइव टीवी चैनल का लाभ ले सकेंगे। यूजर्स को अपने स्मार्ट टीवी में Skypro का ऐप इंस्टॉल करना होगा। BSNL ब्रॉडबैंड से कनेक्ट होते ही यूजर्स इन टीवी चैनल को एक्सेस कर सेकेंगे।

### देश के पहले गांव में पहुंचा BSNL 4G

BSNL ने देश के पहले गांव पिन वैली, हिमाचल प्रदेश में 4G सर्विस लॉन्च कर दी है। दूरसंचार विभाग ने अपने X हैंडल से इस बात की जानकारी दी है। देश के उन क्षेत्रों में भी 4G सर्विस पहुंचाई जा रही है, जहां फिलहाल कोई मोबाइल नेटवर्क नहीं है। 4G सर्विस लॉन्च होने के बाद अब हिमाचल प्रदेश के पिन वैली गांव के लोग पूरी दुनिया से इंटरनेट के जरिए आसानी से कनेक्ट कर सकेंगे।

# मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का बढ़ेगा दायरा

तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में नई दवाइयां शामिल करने पर हुआ मंथन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का सुदृढीकरण करने के साथ ही इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। उपचार हेतु औषधियो का दायरा बढाने के उद्देश्य से तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल नेहा गिरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में आवश्यक दवा सूची में नवीन औषधियों को शामिल करने, पूर्व से उपलब्ध औषधियों की श्रेणी परिवर्तन किये जाने से संबंधित निर्णय लिये लिए गए। बैठक में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए जरूरी औषधियों को आवश्यक दवा सूची में शामिल करने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित चिकित्सा एवं फार्मा विशेषज्ञों ने दवाओं की उपलब्धता, आवश्यकता, आपूर्ति आदि के बारे में सुझाव दिए। गिरि ने बताया कि बैठक में 390 औषधियों का परीक्षण किया गया। बैठक में हुए निर्णयों के अनुरूप जल्द ही नवीन औषधियों को आवश्यक दवा सूची में शामिल किया जाएगा। इससे रोगियों को निकट के चिकित्सा संस्थान पर अधिक से अधिक औषधियां उपलब्ध हो सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी दवा योजना के तहत प्रतिदिन लगभग 4.50 लाख मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। ई-औषधि सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं आपूर्ति, वितरण एवं संधारण की मजबूत व्यवस्था लागू की गई है। योजना में वर्तमान में 1240 दवाइयां, 428 सर्जिकल्स एवं 156 सूचर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के लिए 2,122 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

# प्रदेश भर में 59 विशेष योग्यजन और संस्थाओं को सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांगजन तक पहुँच सके, इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्कूटी मोटराईज्ड ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, ट्राई साईकिल इत्यादि आवश्यकता एवं पात्रता के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओटीएस स्थित भगवंत सिंह मेहता सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणीयों के तहत चयनित 59 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 10 हजार रूपये राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है, इसी तर्ज पर ही राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों के कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्जजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों/ संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाता है। अविनाश गहलोत ने कहा कि इससे दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थान प्रोत्साहित होंगे तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों, उनकी प्रतिभाओं से समाज रूबरू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों से दिव्यांगजन तो लाभान्वित हो ही रहे हैं साथ ही साथ वह हमारे समाज में दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य संस्थान एवं दिव्यांगजन के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में भी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के पैरा ओलंपिक खेलों में दिव्यांग जनों द्वारा 29 पदक अर्जित किए गए जो कि बदलते भारत की तस्वीर को पेश करते हैं।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# नहीं मिला वकील, अब चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर एक महीने बाद होगी सुनवाई

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**ढाका।** हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें बांग्लादेश की अदालत से मंगलवार को कोई राहत नहीं मिल सकी और उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई एक महीने के लिए स्थगित कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। 'बीडीन्यूज24डॉटकॉम' ने चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी (अभियोजन) मोफिजुर रहमान के हवाले से बताया कि मंगलवार को जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। अब एक महीने बाद ही पता चल सकेगा कि दास को उनके खिलाफ दर्ज राजद्रोह के मामले में जमानत मिलेगी या नहीं।



### चिन्मय की ओर पेश नहीं हुआ कोई वकील

रिपोर्ट में कहा गया है कि चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर मंगलवार को चटगांव मेट्रोपॉलिटन सत्र के न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम की अदालत में सुनवाई होनी थी लेकिन चिन्मय की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ। जमानत याचिका पर सुनवाई के मद्देनजर चटगांव अदालत परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और विभिन्न बलों के सुरक्षा अधिकारियों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया था। दास को सुनवाई के लिए अदालत नहीं लाया गया था।

### ढाका एयरपोर्ट से किया था गिरफ्तार

बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। चटगांव की एक अदालत ने 26 नवंबर को उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए जेल भेज दिया था जिसके बाद उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में भड़की हिंसा में एक वकील की मौत हो गई थी। दास को जमानत ना मिलने से उनके वकीलों ने तुरंत एक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी, जिसमें दोबारा सुनवाई की मांग की गई थी लेकिन उस दिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी साल अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तनाव व्याप्त है। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की है।

# ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रेलसेवाएं आंशिक रद्द/रीशड्यूल/रेगुलेट रहेगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर मण्डल के मदार-पालनपुर रेलखण्ड के मध्य सरोत्रा रोड स्टेशन पर ब्रिज संख्या 826 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

### आंशिक रद्द रेलसेवाएं

» गाडी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 06.12.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा आबूरोड तक संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा आबूरोड-साबरमती स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।



» गाडी संख्या 14822, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 07.12.24 को साबरमती के स्थान पर आबूरोड स्टेशन से संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा साबरमती-आबूरोड स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### रीशड्यूल रेलसेवाएं

» गाडी संख्या 14701, श्रीगंगानगर - बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो दिनांक 05.12.24 को भगत की कोठी स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 03 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

» गाडी संख्या 22548, साबरमती-ग्वालियर रेलसेवा जो दिनांक 06.12.24 को साबरमती स्टेषन से अपने निर्धारित समय से 01 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

» गाडी संख्या 12462, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 06.12.24 को साबरमती स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 01 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

» गाडी संख्या 14707, लालगढ-डिब्रूगढ रेलसेवा जो दिनांक 06.12.24 को लालगढ से प्रस्थान करेगी वह जोधपुर-आबूरोड स्टेशनो के मध्य 01 घंटे 45 मिनट रेगुलेट रहेगी।

# गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर से मैराथन दौड का आयोजन किया गया। मैराथन में पुलिस महानिरीक्षक, गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान ने शिरकत करते हुए मैराथन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई की।

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर की कार्यालय अध्यक्ष कमाण्डेन्ट सुमन ढाका की अगुवाई में मैराथन का शुभारम्भ संसार चन्द्र रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र से हुआ, जिसमें अल्बर्ट हॉल, जेडीए सर्किल, हाईकोर्ट सर्किल, स्टेच्यू सर्किल व पांच बत्ती को शामिल करते हुए पुनः कार्यालय परिसर में मैराथन का समापन हुआ। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और जिला स्तरीय परेड समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस मैराथन दौड़ में केन्द्र के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित लगभग 300 होमगार्ड स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया।

# बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु उदयपुर में रचाएंगी ब्याह, हैदराबाद के बिजनेसमैन से करेंगी शादी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर अपनी खूबसूरती के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह अब पर्यटन नगरी के नाम से ही नहीं बल्कि डेस्टिनेशन वेडिंग के नाम से भी अपनी पहचान बना रही है। लेकसिटी अब एक और शाही शादी की गवाह बनने जा रही है। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली है। हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई के साथ 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी करेंगी। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा।



सिंधु के पिता पीवी रमन ने कहा कि दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ था। एक महीने पहले ही विवाह तय हुआ था और परिवार चाहता था कि विवाह इसी महीने हो जाए क्योंकि सिंधु जनवरी से 2025 का व्यस्त सत्र शुरू करने वाली हैं। जनवरी से उनका कार्यक्रम काफी व्यस्त हो जाएगा। इसलिए दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को विवाह समारोह आयोजित करने का फैसला किया। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा।

### लेकसिटी कई सेलिब्रिटीज की शादी का गवाह

झीलों की नगरी उदयपुर कई फिल्मी सितारों की शादी का गवाह बन चुकी है। यहां की झीलें, आलीशान होटल और महल सेलिब्रिटीज की पहली पसंद बने हुए है। आमिर खान की बेटी आयरा खान और नूपुर शिकरे ने भी उदयपुर में शादी की थी।

भड़काऊ समाचार का प्रसारण का तर्क

# बांग्लादेश में भारतीय चैनलों पर रोक लगाने की मांग, हाईकोर्ट में याचिका दायर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**ढाका।** बांग्लादेश हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। एक खबर में यह जानकारी दी गई। 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने इस संबंध में याचिका दायर की है। भुइयां ने बताया कि न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की पीठ इस मामले में सुनवाई कर सकती है।



### भारतीय टीवी चैनलों खिलाफ याचिका

**खबर** में कहा गया है कि 'केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006' की धारा 29 के तहत बांग्लादेश में सभी भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है। खबर में बताया गया कि 'स्टार जलसा', 'स्टार प्लस', 'जी बांग्ला', 'रिपब्लिक बांग्ला' और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है।

### नियमों का पालन नहीं कर रहे चैनल

याचिका में आरोप लगाया गया कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरों का प्रसारण किया जा रहा है और बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री के अनियंत्रित प्रसारण से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग और अन्य को याचिका में पक्षकार बनाया है। बता दें कि, इसी साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

# महाकुंभ 2025 के लिए केंद्र ने खोला अपना खजाना, यूपी सरकार को दिए 2100 करोड़

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में आगामी जनवरी माह से शुरू हो रहे विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समागम 'महाकुम्भ-2025' के लिए केंद्र सरकार की ओर से विशेष अनुदान सहायता राशि भेजी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने 2100 करोड़ रुपए की विशेष अनुदान सहायता राशि स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के रूप में 1050 करोड़ रुपए भेज दिये हैं। बता दें कि महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। महाकुम्भ मेला के सकुशल आयोजन के लिए भारत सरकार से एकमुश्त विशेष सहायता अनुदान के रूप में धनराशि स्वीकृत किये जाने को लेकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा केंद्र सरकार से विशेष से अनुरोध किया गया था।




### योगी सरकार को केंद्र का तोहफा

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पहले ही 5435.68 करोड़ रुपए भव्य, दिव्य और डिजिटल महाकुम्भ के आयोजन पर खर्च कर रही है। सरकार द्वारा महाकुम्भ के लिए 421 परियोजनाओं पर यह धनराशि खर्च की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से अबतक 3461.99 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों, जिसमें लोक निर्माण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, सेतु निगम, पर्यटन विभाग, सिंचाई, नगर निगम प्रयागराज द्वारा विभागीय बजट से 1636.00 करोड़ रुपए की 125 परियोजनाओं को क्रियान्वित कराया जा रहा है।

### महाकुंभ में मद्देनजर तैयार हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर

**महाकुम्भ** 2025 के अन्तर्गत अवसंरचनात्मक सुविधायें जिसमें रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अण्डरब्रिज, सड़कों का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य, नदी के किनारे कटाव निरोधक कार्य सहित इण्टरलॉकिंग सड़क मार्ग, रिवर फन्ट का निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के समन्वय से प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने की कार्ययोजना के अन्तर्गत समस्त चौराहों का थीम बेस्ड सौन्दर्यीकरण, आईटी बेस्ड मॉनिटरिंग इत्यादि कार्य एवं श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन एवं नगर निगम, प्रयागराज के समन्वय से शहर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए उच्च कोटि की व्यवस्था की जा रही है। सॉलिड वेस्ट प्रबन्धन एवं शहर को 100 प्रतिशत सीवरेज ट्रीटमेन्ट से आच्छादित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महाकुम्भ 2025 के अन्तर्गत विभिन्न प्रयोग, जिसमें डिजीटल कुम्भ म्यूजियम का निर्माण एवं पर्यटन रूट सर्किट (प्रयागराज-अयोध्या-वाराणसी-विंध्याचल-चित्रकूट) का निर्माण इत्यादि किया जा रहा है।

## जागरूक खबरें

### शिक्षाविद महेश गुप्ता बने हाडौती गौरव सम्मान के सम्भागीय संयोजक

» जागरूक जनता @ कोटा। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के



तत्वाधान में 5 जनवरी 2025 को शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल श्रीनाथपुरम डी कोटा में आयोजित होने वाले हाडौती गौरव सम्मान 2025 के लिए शिव ज्योति ग्रुप के निदेशक शिक्षाविद एवं समाजसेवी महेश गुप्ता को सम्भागीय संयोजक नियुक्त किया है। हाडौती गौरव सम्मान 2025 के कार्यक्रम संयोजक केके शर्मा" कमल" ने यह जानकारी दी।

### जिला स्तरीय राज्य बीमा समिति की बैठक 6 दिसम्बर को

» जागरूक जनता @ जैसलमेर। जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों की पालना में जिला स्तरीय राज्य बीमा समिति (डीएलआईसी) की मासिक बैठक जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार, 6 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रट सभागार में रखी गई है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जैसलमेर के सहायक निदेशक, वासुदेव ने यह जानकारी दी। यह बैठक "सबको बीमा अभियान 2047 "सघन पर्यवेक्षण एवं समन्वय के लिये आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस बैठक के दौरान समिति के आमंत्रित सभी संबंधित सदस्यगणों और विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रुप से नियत समय पर उपस्थित होने के लिए आग्रह किया है।

रूमायना रंगोत्सवः राजस्थान की कला और संस्कृति का ऐतिहासिक आयोजन मुंबई में

# लोक कला और हस्तशिल्प का अद्भुत संगम 13 को

**कबीर, डूंगरपुरी व मीरा की गूंज़ेगी वाणीयां, 50 लोक गायक व 25 हस्तशिल्पी बहनें देगी प्रस्तुती**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**रावतसर /बाड़मेर @ डालू जाखड़।** पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर अब मुंबई में एक नये रंग में प्रस्तुत होने वाली है। 13 दिसंबर 2024 को रूमादेवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित "रूमायना रंगोत्सव" एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में पेश होगा जो न केवल कला प्रेमियों के लिए बल्कि राजस्थान की पारंपरिक कला और संस्कृति से जुड़ने की चाह रखने वालों के लिए भी खास होगा। यह कार्यक्रम मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित मुक्ती कल्चरल ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगा।

रूमा देवी फाउंडेशन की निदेशक व सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने बताया कि कार्यक्रम में देश की प्राचीन वीणा भजन परंपरा की सजीव प्रस्तुति होगी, जिसमें गोरख, कबीर, डूंगरपुरी, मीरा, तुलसी, दादू, सूरदास, रविदास जैसे महान संतों की वाणियों का गायन किया जाएगा। इसके अलावा, राजस्थान की पारंपरिक हस्त कला की प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें गाँव की महिला हस्तशिल्पियों द्वारा बनाई गई शिल्पकला का जीवंत प्रदर्शन होगा।

**तैयारियों में जोश और उत्साह का माहौल**

**कार्यक्रम** संयोजक सुरेश जैन व प्रकाश कानूनगो ने बताया रूमायना रंगोत्सव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 50 से अधिक लोक कलाकार और 25 महिला हस्तशिल्पी पूरी मेहनत और समर्पण से अपनी प्रस्तुतियों के लिए अभ्यास कर रहे हैं। कार्यक्रम में आठ साल से लेकर अस्सी साल तक के कलाकार अपने अद्भुत हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर दर्शकों को न केवल संगीत और कला का संगम देखने को मिलेगा बल्कि वे राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत के करीब से अनुभव कर सकेंगे।

**महिला सशक्तिकरण का संदेश**

यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भी अहम भूमिका निभाता है। डॉ. रूमादेवी के नेतृत्व में फाउंडेशन ने हजारों महिलाओं को ₹ाफ्ट, डिज़ाइन और डिजिटल शिक्षा प्रदान की है। रूमायना रंगोत्सव इस दिशा में एक और कदम है, जो इन कारीगरों और कलाकारों की कला को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देगा।

**कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर**

कार्य₹म आयोजन समिति के हरिष पारेख व केडी माली ने कला और संस्कृति प्रेमियों से अपील की है कि वे इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनें और राजस्थान की लोक कला और संस्कृति का अनुभव करें। यह कार्य₹म न केवल कला के कद्रदानों के लिए एक बेहतरीन अवसर है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

**कार्यक्रम विवरण**

कार्यक्रम का आयोजन 13 दिसम्बर को शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक मुक्ती कल्चरल ऑडिटोरियम, अंधेरी वेस्ट, मुंबई में होगा। रूमादेवी ने सभी कला प्रेमियों को इस सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया है और कहा है, "आइए, इस अद्भुत उत्सव में शामिल हों और राजस्थान की कला और संस्कृति को अपने दिल में बसाएं!"

## नर्मदा नहर से वंचित किसानों ने मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**गुड़ामालानी।** क्षेत्र के रोली ग्राम पंचायत के महादेव मन्दिर प्रागण में ग्राम पंचायत के मौजुद लोगो ने नहर के पानी को लेकर समस्या का सामाधान हेतु एक बैठक का आयोजन किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नहर का पानी आखिरी टेल तक नही पहुंचने और पाइप लाईन की दूरी का दायरा लगभग 7 किलोमीटर दूर होने के कारण नहर का पानी जुड़े हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से बोई हुई रबी की फसल नष्ट हो रही है इन सभी किसानों की समस्याओं को लेकर करनाराम सुधार की अध्यक्षता में मीटिंग रखकर मंत्री K.K. बिश्नोई, मुख्यमंत्री व नहर मंत्री सुरेश रावत के नाम पत्र लिखा।

नई डिक्की सनावड़ा नाडी अथवा गोसरीया बिजली घर के पास बनवाने हेतू दिया ज्ञापन इस बैठक में भाजपा नेता करनाराम सुथार, प्रभुराम प्रजापत मानसिह राजपुरोहित, पारसमाल दर्जी, धर्माराम गौड़, बाबुलाल हिम्मताराम, प्रभुराम, चेनाराम, सवाईराम, रावताराम, करनाराम, अजयसिंह, पुरणसिह, लुम्बदास आदि सभी ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

**पचपदरा विधानसभा क्षेत्र**

## समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना आज से

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं, बुनियादी सुविधाओं की कमी और नगर परिषद आयुक्त व सभापति द्वारा फर्जी पट्टे जारी करने के आरोपों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोतरा और पचपदरा (कल्याणपुर) ने बड़ा प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। यह धरना 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे से जिला कलेक्टर कार्यालय बालोतरा के सामने शुरू होगा।

## टेलर ने संभाला परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त दायित्व

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती (एमडीएस) विश्वविद्यालय में आज परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त दायित्व विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (शैक्षणिक) डा. सुनील टेलर ने संभाल लिया। कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने अपना पद भार ग्रहण करते ही डा. आशीष पारीक को पदमुक्त करते हुए डा. सुनील टेलर को अतिरिक्त दायित्व के आदेश दिये थे ।

## रामसागर झील को सौन्दर्यकरण का इंतजार, 15 करोड़ स्वीकृत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**हिण्डोली।** कस्बे में रामसागर झील के सौन्दर्यकरण के लिए स्वीकृत 15 करोड रुपए के विकास के लिए पंचायत राज विभाग की अनापत्ति प्रमाणपत्र की दरकार है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हो सकेगा। जानकारी अनुसार कस्बे के रामसागर झील के सौन्दर्यकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा 15 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे जिसका एस्टीमेट व डीपीआर दिल्ली की संस्था द्वारा बनाया गया था, लेकिन प्रथम फेज में संवेदक द्वारा टेंडर अधिक राशि में डाल देने के कारण विभाग की तकनीकी कमी के चलते टेंडर निरस्त कर दिए थे, जिसका मामला राजस्थान पत्रिका ने लगातार उठाने के बाद निर्माण विभाग द्वारा दोबारा टेंडर जारी हुए एवं एक संवेदक नाम टेंडर खुल गए, लेकिन वर्क आर्डर जारी नहीं हो पाया। जबकि निर्माण विभाग के पास सौंदर्यकरण के साढ़े 4 करोड रुपए पूर्व में हस्तांतरित हो चुके हैं।

## जगदम्बा माता मंदिर सागाणा कुआं में विशाल भव्य रात्रि जागरण कल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**रावतसर।** जगदम्बा माता मंदिर महोत्सव की 7वीं वर्षगांठ पर विशाल भव्य रात्रि जागरण का आयोजन गुरूवार शाम को सागाणा कुआं, ग्राम पंचायत रामसर कुआं में आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महंत जगरामपुरी महाराज पनोणियो का तला का पावन सानिध्य रहेगा। रात्रि जागरण में मुख्य गायक कलाकार शिवपुरी गोस्वामी एण्ड पार्टी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा शिवगिरी गोस्वामी,खेतगिरी गोस्वामी, तेजगिरी गोस्वामी, जगदीशगिरी गोस्वामी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ प्रियंका चौधरी, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, नारी शक्ति पुरस्कार विजेता डॉ रुमा देवी, प्रधान बाड़मेर ग्रामीण जेठी देवी, सरपंच रामसर कुआं रम्भा देवी रहेंगे। इस अवसर शाम एवं एवं सुबह महाप्रसादी भी रखी गई है।

## स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाडा में स्ट्रीट वेंडर हुए लाभान्वित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर योजना के तहत 9 दिसम्बर तक आयोजित किये जाने स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाडा नगर परिषद सिरोही में आयोजित किया जा रहा है। आयुक्त आशुतोष आचार्य ने बताया कि स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाडा के तहत योजना में स्ट्रीट वेण्डरो को लाभान्वित करने हेतु शहर मे बैंको के साथ शिविरो का आयोजन किया जा रहा है, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक सिरोही के साथ शिविर का आयोजन किया गया। जिला परियोजना प्रबंधकओमसिंह ने बताया कि योजना में स्ट्रीट वेण्डरो को सरकार की आठ प्रकार की योजना से जोडा जा रहा है। जिसमें वन नेशन वन राशन, मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बिमा योजना, जन धन योजना, श्रम योगी मानधन योजना आदि योजना से जोडा जा रहा है, जिला परियोजना प्रबंधक हनुमान सहाय शर्मा ने बताया कि स्ट्रीट वेण्डरो सामाजिक सोशियल प्रोफाइलिंग का कार्य भी शिविरो मे किया जा रहा है। स्ट्रीट वेण्डरो को योजना में 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार का ऋण योजना में उपलब्ध करवाया जा रहा है। शिविर में आरएमजीबी बैंक से सोनू अग्रवाल, अशोक सिंह राजपुरोहित, प्रभाती, अमित कुमार, द्विप ज्योति, कार्मिक हरीश, दिक्षित प्रजापत उपस्थित रहे।

## कोटा स्टोन को मिलेगा जीआई टैग, विश्व स्तर पर मिलेगी पहचान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटा।** कोटा डोरिया साड़ी के बाद अब कोटा स्टोन पर जीआई टैग यानी जीओ ग्राफिकल इंडीकेटर का ठप्पा लगने वाला है। इसके बाद कोटा स्टोन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी। इससे पत्थर उद्योग का कारोबार और बढ़ने की संभावना है। भारत सरकार ने भी कोटा स्टोन को क्षेत्रीय उत्पाद मानते हुए जीआई के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने कोटा स्टोन को जीआई टैग के लिए पेटेंट, डिज़ाइन और ट्रेड मार्क्स महानियंत्रक (सीजीपीडीटीएम ) को आवेदन किया था। आवेदन को स्वीकार कर पेटेंट की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन**

कोटा स्टोन (लाइम स्टोन) कोटा और झालावाड़ जिले में ही पाया जाता है। दोनों जिलों का लाइम स्टोन प्रमुख खनिज पदार्थ है। कोटा जिले में कोटा स्टोन का सालाना उत्पादन 30 लाख 26 हजार 481 मीट्रिक टन तथा झालावाड़ जिले में 15 लाख 63 हजार 424 मीट्रिक टन का उतपादन होता है। कोटा जिले में रामगंजमंडी, चेचट, कुदायला, जुल्मी, सातलखेड़ी, मोड़क आदि क्षेत्र में प्रमुखता से पाया जाता है। कोटा स्टोन की करीब 700 स्पलिटिंग इकाइयां संचालित हैं।



**फैक्ट फाईल**

- » 2000 करोड़ रुपए का सालाना टर्नओवर
- » 50000 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है।
- » 70 से अधिक खनन पट्टेधारक कोटा जिले में
- » 100 से अधिक खनन पट्टेधारक झालावाड़ जिले मे
- » 2000 प्रोसेसिंग यूनिट कोटा और झालावाड़ जिले में मौजूद

**सालाना 300 करोड़ का निर्यात**

कोटा स्टोन की डिमांड देश में ही नहीं विदेशों में भी खासी रहती है। देश में राजकीय उपक्रमों समेत सरकारी कार्यालयों में कोटा स्टोन का उपयोग करने का प्रावधान कर रखा है। निजी प्रतिष्ठानों और घरों में भी कोटा स्टोन का उपयोग किया जाता है। कोटा से सालाना करीब 300 करोड़ का कोटा स्टोन निर्यात होता है।

**कोटा** स्टोन को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। उम्मीद है कि जल्द कोटा स्टोन को जीआई टैग मिल जाएगा।

**हरिमोहन शर्मा,** महाप्रबंधक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग कोटा

## प्रधानमंत्री आवास योजना की दी जानकारी

» जागरूक जनता @ सुमेरपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के RAPIDASSESSMENT SURVEY कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थानीय बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ पालिका सभा भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित द्वारा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नईदिल्ली द्वारा से PMAY-URBAN 2.0 के बारे में स्थानीय बैंको के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि उक्त योजना में पात्र लाभार्थी को किस्तो के रूप में कुलराशि 2.50 लाख का अनुदान प्राप्त होगा। साथ ही योजना में पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु बैंक प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई। जिससे गरीब व्यक्तियों के आवास निर्माण का सपना साकार हो सके। बैठक में स्थानीय बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## चौधरी रामजी जाखड़ प्रतिमा अनावरण समारोह 15 को

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**रावतसर।** किसान जाग्रति के अग्रदूत, दानवीर, न्यायप्रिय, समाज सुधारक चौधरी रामजी जाखड़ संस्थापक धारासर की प्रतिमा का अनावरण समारोह 15 दिसम्बर रविवार को सुबह दस बजे आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि समारोह में श्रीश्री 1008श्री जगदीश पुरी महाराज, महंत डूगरपुरी मठ, चौहटन एवं श्रीश्री 1008महत जगरामपुरी महाराज, महंत पनोणियो का तला का पावन सानिध्य रहेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बद्रीराम जाखड़, पूर्व सांसद पाली, अध्यक्षता हेमाराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री, अतिविशिष्ट अतिथि बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कद्दावर नेता बायतु विधायक हरीश चौधरी, बाड़मेर विधायक डॉ प्रियंका चौधरी, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, पूर्व कुलपति गंगाराम जाखड़, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक दिलिप जाखड़, चौहटन प्रधान रूपाराम सारण, सरपंच धारासर अमराराम जाखड़ होगें। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

पत्रकार वार्ता में बोले रामकिशन : पानी का इंतजाम और काला पहाड़ बचाना जरूरी

# सुधरो या टूटो, भ्रष्ट्राचार और पर्यावरण दोनों चुनौती-रामकिशन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** भाजपा के अन्दर अधिकांशतय लोग निष्ठा से नहीं सत्ता के लालच में चिपके हुऐ है, वहाँ लोगों को सच बोलने की छूट नहीं है, तमाम नेता घुटन महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय ने सर्वोदय की बात कहकर समाज में सर्ब गुण विकसित करने की बात कही थी लेकिन आर्थिक मदद करने से ही विकासवाद की मंजिल नहीं मिल सकती । भाजपा लगातार उनके सिदांत के खिलाफ जा रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ाबा दे रही है ' अनेकानेक बड़े बड़े भ्रष्टाचारी राजनेताओं और पूंजीपतियों को मदद ही नहीं कर रही बल्कि उनके बचाने का काम लगातार कर रही है । यह कहना है समाजवादी विचारक भरतपुर के पूर्व सांसद शताब्दी पुरुष पंड़ित रामकिशन का। देश में "समाजवादी शताब्दी पुरुष " के सम्मान से सम्मानित पंड़ित रामकिशन भुसावर में पत्रकार वार्ता में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय के बताये रास्ते से भटक चुकी है , उनके सर्वोदय के सिदांत पर चलने के बजाय बीजेपी भ्रष्टाचार को बढ़ाबा दे रही है भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है , ऐसी स्थिति में भाजपा के सिदांतवादी लोगों को "सुधरों या टूटो" के सिदांत पर काम करना चहाईये। उन्होंने कहा कि इस सबके बाबजूद जो लोग भाजपा के अन्दर उसके आचरण से परेशान है उन्हें डाक्टर राममनोहर लोहिया



और जयप्रकाश नारायन से प्रेरणा लेकर सिदांत और मर्यादा की रक्षा के लिये आवाज उठानी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस सब के चलते जब लोग नहीं बोल रहे है तो फिर ऐसा लगता हैं कि भाजपा " अर्द जीवित लोगों का संगठन हैं "।

**राजनैतिक दलों में भ्रष्टाचार है, प्रत्येक वर्ग में गिरावट है,**

उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने अंग्रेजी हटाओं ' सीधे चुनाव हारने बाले इनडायरेक्ट पदों पर नहीं जा सकते ' और केरल में उत्तमथानू पिल्लई सरकार सहित डॉक्टर लोहिया ने सिदांत के आधार पर तीन बार सोसलिस्ट पार्टी को तोड़ा था । सबालो के जबाब में उन्होंने कहा कि हालांकी सभी राजनैतिक दलों में भ्रष्टाचार है, प्रत्येक वर्ग में गिरावट है, इससे देश कभी मजबूत नहीं हो सकता , वगैर रिश्वत और कमिशन के लोगों के काम नहीं होते । चीनी ₹ांति से पहले कुछ कुछ हालांत वहाँ भी ऐसे ही थे । उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अकेली सरकार ही नहीं मिटा सकती उसके लिये सभी को मिलकर कोशिश करनी चाहिये अच्छे चरित्र निर्माण की।

**कुछ हद तक देश में गरीबी एवं लोगों की तकलीफ है कम हुई है**

पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने स्वीकार किया कि देश में जरूर कुछ हद तक गरीबी और लोगों की तकलीफें जरूर कम हुई है लेकिन दूसरी और एक प्रतिशत लोगों की आय भी करीब 40 प्रतिशत लोगों की बराबर पहुंच गई है, देश में संशाधनों की लूट और आर्थिक गैरबराबरी भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने साफ सफाई , शौचालय ' और लाभार्थियों को उनके खाते में सीधा पैसा भेजना जैसी योजनाऐं अच्छी और जनहित की चलाई है ।

**ईडी बिरोधी नेताओं को डराने का काम कर रही है**

**उन्होंने** कहा कि चुनाब मंहगे होने से गरीब लोगों की हिस्सेदारी कम ले गई है , मतदाताओं को भी चुनावों में अधिक धन पैसा खर्च करने बाले नेताओं को तो कमसेकम जरूर हराना चाहिये। ईड़ी बिरोधी नेताओं को डराने का काम कर रही है भाजपा और ईड़ी बताये कि क्या भाजपा के अन्दर एक भी भ्रष्टाचारी नेता के खिलाफ कार्यवाही हुई है, प्रधानमंत्री बताये कि क्या उनके दल में एक भी भ्रष्टाचारी नहीं है।

**आस्था के केंद्र काला पहाड़ को करे संरक्षित**

उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था और पर्यावरण के लिये काला पहाड़ ( कालिया बाबा ) को संरक्षित करना जरूरी है । पर्यावरण देश और दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है , अब डीग और भरतपुर जिलो में प्रदूषण को देखते हुऐ कई खानों को बन्द करने की बात सरकार कर रही है तो फिर काला पहाड़ को क्यों बर्बाद करना चहाती है । काला पहाड़ वृक्षारोपण और वनऔषधी का भी भं डार है , सरकार और प्रशासन को लोगों से किये वायदे को भी पूरा करना चाहिये ।

**इआरसीपी समझौते को करें सार्वजनिक**

पत्रकार वार्ता में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि कमजोर राजनीति की वजह से भरतपुर जिला विकास में बहुत पिछड़ता जा रहा हैं ' पूरे भरतपुर और डीग जिले में पानी और रोजगार का संकट हैं। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि ड़बल इंजन सरकार को और जन प्रतिनिधियों को मिलकर प्राथमिकता से दोनों जिलों में पानी और रोजगार का प्रबंध करना चाहिये । उन्होंने इआरसीपी के समझौते को सर्वजनिक कर पर्यात बजट देने की माँग करते हुऐं बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने और पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा बाणगंगा , रुपारेल और गम्भीर नदियों में इआरसीपी के प्रथम चरण में सिंचाई और पेयजल लाने की माँग की । उन्होंने वैर तहसील के सीता बाँध को और विकसित करके बारैठा बाँध पाइप लाइन स्कीम से जोड़ने की माँग रखी। बार्ता में घनश्याम गाजीपुर भी मौजूद थे ।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..............................

पता : ..............................

फोन .............................. पिन कोड

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# नकली पहचान/ पार्सल स्कैम से सावधान रहें!



आरबीआई/बैंकों/सरकारी एजेंसियों/कूरियर कंपनियों के अधिकारियों के नाम से आने वाले ऐसे **साइबर अपराधियों** के ऑडियो/वीडियो कॉल से सावधान रहें, जो कानूनी कार्रवाई करने की **धमकी देते हैं** या **तुरंत पैसे की मांग** करते हैं या आपके बैंक खाते या डेबिट/क्रेडिट कार्ड को **फ्रीज़** या **ब्लॉक** करने का डर दिखाते हैं।

## क्या न करें

- **घबराएं नहीं** – धोखेबाज़ आपको फंसा सकते हैं
- कोई भी निजी/वित्तीय जानकारी **साझा न करें**
- भुगतान करने के लिए अज्ञात लिंक पर **क्लिक न करें**

## क्या करें

- हमेशा कॉल करने वाले/फ़ंड अनुरोध की **वास्तविकता की पुष्टि** करें
- cybercrime.gov.in पर **तुरंत रिपोर्ट करें** या 1930 पर सहायता के लिए कॉल करें




अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/fraud** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट से पहले 9 नई नीतियां जारी होंगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट की मेजबानी करने को तैयार है। इस दृष्टि से राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार निवेश अनुकूल 9 नई नीतियों की लॉन्चिंग करने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति एवं स्टेक होल्डर्स की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कार्यालय स्थित कन्वेंशन हॉल में इन नवीन नीतियों की लॉन्चिंग करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करने के लिए राजस्थान एमएसएमई नीति-2024, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति-2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान AVGC & XR नीति-2024, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2024, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024, राजस्थान खनिज नीति-2024 और राजस्थान एम-सेण्ड नीति-2024 का हाल ही हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन किया गया था। प्रदेश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और सामाजिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई ये नीतियां राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आने वाले निवेश के परिपक्व होने का मजबूत आधार बनेंगी।

चंडीगढ़ में पुलिस के तीन आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी में बोले पीएम मोदी

# 'सत्य और न्याय की स्थापना मां चंडी ने की, यही इन कानूनों का आधार'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कार्यक्रम में चंडीगढ़ पहुंच। चंडीगढ़ पुलिस की ओर से तीनों नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसी कार्यक्रम में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हिस्सा लिया। चंडीगढ़ पहुंचने पर पीएम मोदी ने कहा कि यहां आने से लगता है कि वह अपनों के बीच आ गए हैं। इसके साथ ही पीएम ने कहा, 'चंडीगढ़ की पहचान मां चंडी से हुई है। सत्य और न्याय की स्थापना मां चंडी ने की थी। यही इन नए कानूनों का आधार भी है।



चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने निरीक्षण किया।

### देशवासियों को नए कानून लागू होने पर बधाई-मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा, 'कानून कैसे अमल में लाए जाएंगे? अभी मैंने इसका लाइव डेमो देखा और मैं चाहूंगा आप सब भी देखें। मैं देशवासियों की नए कानून लागू होने पर बधाई देता हूं। इसे बनाने में कानूनविदों और सविधानविदों की मेहनत जुड़ी है।'

### अंग्रेजों के अत्याचार और शोषण का जरिया वे कानून

**पीएम** मोदी ने कहा, 'आजादी के सात दशक में न्याय व्यवस्था के सामने जो चैलेंज आए उस पर गहन मंथन किया गया। मुझे भरोसा है कि सब से सहयोग से बनी भारत की ये न्याय संहिता मील का पत्थर साबित होगी। लोगों ने सोचा था कि अब अंग्रेज गए हैं तो अंग्रेजी कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। अंग्रेजों के अत्याचार और शोषण का जरिया वे कानून ही थे।'

### विकसित भारत का संकल्प

**पीएम** मोदी ने कहा कि एक ऐसे समय में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित 'भारतीय न्याय संहिता' के प्रभाव का प्रारंभ होना बड़ी बात है। देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है।

### पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे लोग

**पीएम** मोदी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता के लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। आप कल्पना कर सकते हैं कि एक नया कानून नागरिक अधिकारों के सशक्तिकरण को कितनी ऊंचाई दे सकता है।

### नए आपराधिक कानून 1 जुलाई को लागू किया गया था

**नए** आपराधिक कानून, जिन्हें 1 जुलाई, 2024 को देश भर में लागू किया गया था, का उद्देश्य भारत की कानूनी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है. ये ऐतिहासिक सुधार भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नए ढांचे ला रहे हैं।



## अघोषित बिजली कटौती को लेकर किसानों का सांकेतिक धरना प्रदर्शन, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**गुड़ामालानी (रामजी का गोल)।** सहायक अभियंता कार्यालय का अघोषित बिजली कटौती को लेकर किसानों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर घेराव किया। दिनभर चले धरना प्रदर्शन के बाद किसानों और विधुत विभाग के बीच वार्ता के दौरान सहमति बनी। किसान नेता ताजाराम सियाग ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती ओर ट्रिपिंग के चलते किसानों के पंप व ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। वहीं घरेलू बिजली मुश्किल से 4 घंटे मिलती हैं जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। विधुत विभाग की ओर से 5 दिन का आश्वासन मिला है, अगर पांच दिन में समाधान नहीं हुआ तो किसान महाआंदोलन करेंगे। हरिराम जाजड़ा ने कहा कि किसानों को जले ट्रांसफार्मर 72 घंटों में नहीं बदलने से किसानों के खेतों में बुवाई की गई फसलों के हजारों रुपए के महंगे बीज नष्ट हो रहे हैं, वहीं दुसरी ओर सही वोल्टेज नहीं मिलने से किसानों के ट्रांसफार्मर ओर मोटरे जल कर राख हो रहे हैं। रामजी का गोल सहायक अभियंता के आश्वासन के बाद किसानों ने गुड़ामालनी उपखण्ड अधिकारी को तमाम मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## बस ऑपरेटर का अधिवेशन 15 दिसंबर को पुष्कर में

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बस आपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के आवाह्न पर आने वाली 15 दिसम्बर 2024 रविवार को पुष्कर में पुष्कर गौतम आश्रम में आयोजित किया जाएगा जिसमें पूरे राजस्थान से सैकड़ों की सख्या में जिम्मेदार व समझदार बस ऑपरेटर हिस्सा लेने पहुंचेंगे इसके अलावा राजस्थान के कई विधायक, सांसदों,मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया जिनकी भी काफी सख्या में पहुंचने की संभावना जताई गई हैं। बस ऑपरेटर का यह राजस्थान में तीसरा अधिवेशन है इससे पूर्व देवली, जयपुर में दो अधिवेशन हो चुके है जिससे राजस्थान के बस ऑपरेटर को एकता दिखाने में मदद मिलती रही हैं अब इस तीसरे अधिवेशन में 51 सिनियर बस ऑपरेटर 65 पार वृद्धजन का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा एक राज्य एक संगठन बनाकर समस्त बस ऑपरेटर का एक संगठन गठित किया जाए गा इसमें समस्त राजस्थान के संगठन को आमंत्रित किया गया है जिसमें कई बस ऑपरेटर 14 दिसंबर को ही पहुंच रहे है इसमें बस ऑपरेटर के हित मे कई महत्व पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# सलूंबर एवं डूंगरपुर जिले राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार-2024 से सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजस्थान के सलूंबर एवं डूंगरपुर जिलो को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार– 2024 से सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में सलूंबर जिले की ओर से जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू और डूंगरपुर जिले की ओर से जिला कलेक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

समारोह में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सलूंबर के कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि 'सुगम्य भारत अभियान' के तहत जिले के 1,000 से अधिक सरकारी इमारतों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बनाया है। इसके लिए रैंप और लिफ्ट का प्रावधान किया गया, जिसके लिए दिव्यांगजनों की पहचान के लिए घर-घर सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान में 5,900 से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र और 4,400 यूडीआईडी कार्ड जारी कर गैर सरकारी संगठनों और विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग से दिव्यांग समुदाय के लिए बेहतर सुगमता और जागरूकता सुनिश्चित की गई है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड' अभियान के तहत 8,692 दिव्यांगजनों को पेंशन 5,100 यूडीआईडी कार्ड और 217 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1,057 दिव्यांग जनों को सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत 2023-24 में 7,232 दिव्यांगजनों ने 2.5 लाख कार्य दिवस सृजित किए और 4 करोड़ 60 लाख रूपये की मजदूरी अर्जित की। श्री सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों के समावेशन और सशक्तिकरण में इनके प्रयासों ने कल्याणकारी योजनाओं पहुंचाने में एक नई मिसाल कायम की है।

## दो-दो नगर निगमों का अस्तित्व होगा खत्म, सरकार मामले में पूरी तरह से स्पष्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर, जोधपुर और कोटा में एक ही मेयर होंगे। इन शहरों में दो-दो नगर निगमों का अस्तित्व खत्म होगा। UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सरकार इस मामले में पूरी तरह से स्पष्ट है। कि एक शहर में केवल एक निकाय होना चाहिए।

जब मुंबई जैसे महानगर में केवल एक ही निकाय है. जबकि मुंबई इतना बड़ा है कि आबादी बस सकती है। जयपुर जैसे 20 शहरों की मुंबई में आबादी बस सकती है। ऐसे में प्रदेश के किसी शहर में नहीं 2 निकाय होने चाहिए। मामले की फाइल विधिक राय के लिए महाधिवक्ता को भेजी है।



## भारतीय महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप के लिए ओमान रवाना

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जूनियर एशिया कप 2024 में भाग लेने के लिए ओमान रवाना हुई। सात से 15 दिसंबर को ओमान के मस्कट में होने वाला जूनियर एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बंगलादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय टीम की अगुआई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है। टीम को पूर्व भारतीय कप्तान तुषार खांडकर द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। ज्योति सिंह ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, "हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी और अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम ओमान के मस्कट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है।"

उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, "यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय जूनियर पुरुष टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश कर गई है और वे खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। हम उनके मैचों का अनुसरण कर रहे हैं और हम शेष मैचों में उनका उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद रहेंगे। हम भारतीय हॉकी प्रशंसकों से आग्रह करते हैं कि वे हमें खेलते हुए देखें और हमारा उत्साहवर्धन करें। मस्कट में भारतीयों का एक बड़ा समुदाय है, हमें उम्मीद है कि वे हमारा उत्साहवर्धन करने आएंगे।"

भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला आठ दिसंबर को बंगलादेश के खिलाफ खेलेंगी।

## 21 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्रों बलों के आधुनिकीकरण को आगे बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 21 हजार 772 करोड़ रूपये के पांच रक्षा सौदों को मंगलवार को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी।

खरीद के इन प्रस्तावों में नौसेना के लिए 31 नए वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति भी शामिल हैं। इन्हें तट के करीब कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, निगरानी, ??गश्ती और खोज और बचाव संचालन का कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, ये जहाज विशेष रूप से द्वीप क्षेत्रों में और उसके आसपास समुद्री डकैती रोधी अभियानों में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।




विभिन्न मांगों को लेकर जयपुर में होगा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन

# राजस्थान सरकार की शराब नीति और व्यवस्थाओं के विरोध में जयपुर में होगा महाकुंभ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर/कोटा।** वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन कोटा की आवश्यक बैठक होटल मोती महल, सीएडी चौराहा, कोटा पर आयोजित की गई। जयपुर में 15 दिसम्बर 2024 को होने वाले महाकुंभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पंकज धनकड़, राजस्थान शराब यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। विनोद पारेता, अध्यक्ष, वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन, कोटा ने बताया कि बैठक में विभिन्न मांगों को रखा गया जिसमें महाकुंभ में शराब ठेकेदारों की भागीदारी बढ़ाना, बैठक में राजस्थान शराब यूनियन के पदाधिकारी और वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन कोटा के सदस्य शामिल रहे जिन्हें महाकुंभ की पूरी जानकारी दी गई साथ ही लोगों के सुझाव लिए गए। विनोद पारेता ने बताया कि मुख्य मांगों में पुरानी सभी प्रकार की पेनेल्टियां समाप्त किए जाने, शराब की दुकानें खोलने का समय रात्रि 11 बजे तक किया जाने, गांरटी पुर्ति करने वाले ठेकेदारों की जब्त धरोहर राशियां तुरंत प्रभाव से लोटाए जाने, मंहगाई के अनुसार शराब ठेकेदारों का कमीशन कम से कम 20 प्रतिशत और बढ़ाया जाना चाहिए। महासचिव अजय सिंह राठौड ने बताया कि शराब ठेकों से पुलिस का हस्तक्षेप पुर्णतः समाप्त किया जाना चाहिए और प्रदेश में शराब की मात्रा बहुत अधिक हो गई है सरकार मद्य संयम नीति की पालन करते हुए शराब की गारंटी 30 प्रतिशत तक कम कर दुकानें रिनिवल की जाने सम्बंधि मांगों को लेकर महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कोटा संभाग व अन्य जह से आए अतिथियों में मनोज प्रजापति जिला अध्यक्ष बारां, विजेंद्र मिल संभागीय अध्यक्ष शेखावाटी, संदीप चौधरी महासचिव जयपुर, जगदीश सुवालका देवली अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किए और निरंतर सरकार की शराब ठेकेदार विरोधी नितियों का दंश झेलने की बात कही। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, रविंद्र सिंह, बलविंदर सिंह चावला, योगेश चौबे, राजेंद्र पावटा, धनराज मीणा, शंकर बना पवन सुवालका, धर्मेंद्र मीणा आदि उपस्थित रहे।